हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 जून 2026



# खमहारडीह जंगल में अवैध कटाई, डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड निलंबित

## वन विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मौके का किया निरीक्षण, बन रही रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के छुईखदान विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भूजारी के खमहारडीह जंगल में कथित अवैध पेड़ कटाई के मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। घटना सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और मामले को लेकर कई गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार, विगत दिनों खमहारडीह जंगल में जेसीबी मशीन और लख्खा आरा की सहायता से बड़ी संख्या में हरे-भरे पेड़ों की कटाई किए जाने की शिकायत मिली थी। जंगल के भीतर व्यापक स्तर पर हुई कटाई की सूचना के बाद वन विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मौके का निरीक्षण कर जांच प्रारंभ की।

प्रारंभिक जांच में संबंधित भूमि कुछ लोगों के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज होना बताया जा रहा है, जबकि वन विभाग की जांच में उक्त क्षेत्र का बड़ा हिस्सा वन भूमि के अंतर्गत पाया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वनमंडल अधिकारी पंकज राजपूत ने तत्काल प्रभाव से क्षेत्र के डिप्टी रेंजर डेमन सिंह पदमाकर एवं बीट गार्ड ताराचंद यादव को निलंबित कर दिया है। साथ ही अन्य संभावित जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### भूमि रिकॉर्ड-कटाई दायरा पर भी सवाल

सूत्रों के अनुसार जांच में दो अलग-अलग कम्पार्टमेंट क्षेत्रों में भी पेड़ों की कटाई होने की जानकारी सामने आई है। यदि संबंधित भूमि वास्तव में वन क्षेत्र के अंतर्गत आती है, तो उसे निजी भूमि के रूप में राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किए जाने का आधार क्या था, यह जांच का प्रमुख विषय बन गया है। इसके अलावा संबंधित भूमि के आधार पर ऋण स्वीकृत होने की जानकारी भी सामने आ रही है। यदि जांच में यह तथ्य सही पाया जाता है, तो मामला केवल अवैध कटाई तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि राजस्व अभिलेखों, भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया और बैंकिंग व्यवस्था की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो सकते हैं।


खम्हारडीह जंगल में अंधाधुंध हजारों कीमती पेड़ों की बलि

### ग्रामीणों में नाराजगी, बड़ी कार्रवाई की मांग

घटना को लेकर ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों में नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि हजारों पेड़ों की कटाई केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि प्राकृतिक संपदा को सुनियोजित तरीके से नुकसान पहुंचाने का मामला प्रतीत होता है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि मामले में केवल निचले स्तर के कर्मचारियों पर कार्रवाई कर उच्च अधिकारियों की जिम्मेदारी से ध्यान हटाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह सवाल भी उठाया है कि यदि अवैध कटाई हुई है तो संबंधित भूमि धारकों अथवा अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध अब तक क्या कार्रवाई की गई है, इसकी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

# नए शिक्षण सत्र से स्कूली पढ़ाई महंगी

## सरकारी स्कूलों में प्रेक्टिकल, क्रीड़ा सहित परीक्षा शुल्क बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


नए शैक्षणिक सत्र यानी 16 जून से सरकारी स्कूल खुलेंगे। इसी के साथ ही सरकारी हाई, हायर सेकंडरी और सेजेस विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों से अब ज्यादा शुल्क लिए जाएंगे। प्रेक्टिकल, विज्ञान क्लब, क्रीड़ा, नामातंरण से लेकर परीक्षा शुल्क में बढ़ोत्तरी की गई है। प्रशासकीय समिति ने शुल्क बढ़ोत्तरी की अनुशंसा की थी, जिस पर मुहर लगा दी गई है।

लोक शिक्षण संचालनालय ने इसके आदेश भी जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी कर दिए हैं। परीक्षा सामग्री, क्रीड़ा सामग्री और विज्ञान प्रयोगशाला सामग्रियों की लागत बढ़ने की वजह से ये शुल्क बढ़ाए गए हैं। वर्ष 2021 से शुल्क में बढ़ोत्तरी नहीं की गई थी।

विज्ञान प्रयोगिक शुल्क पहले 50 रुपए प्रति विद्यार्थी ली जा रही थी। अब यह 65 रुपए प्रति छात्र कर दी गई है। निर्धन छात्र सहायता राशि 10 रुपए की जगह अब 15 रुपए ली जाएगी। विज्ञान क्लब निधि के तहत 25 रुपए लेंगे। पहले 20 रुपए लेते थे। क्रीड़ा निधि में अब विद्यार्थियों को 65 रुपए देने पड़ेंगे। पहले 50 रुपए दे रहे थे। बलचर निधि में 10 रुपए की बढ़ोत्तरी की गई है। अब 60 रुपए वसूले जाएंगे। कार्यकलाप के तहत 65 रुपए लिए जाएंगे। पहले 50 रुपए निर्धारित शुल्क था। निर्धन छात्र सहायता राशि 10 रुपए की जगह 15 रुपए किया गया है। परीक्षा शुल्क 150 रुपए की जगह 175 रुपए लिए जाएंगे। परीक्षा शुल्क 150 रुपए की जगह 180 रुपए लिए जाएंगे। विज्ञान प्रयोगिक शुल्क पहले 70 रुपए प्रति विद्यार्थी ली जा रही थी। अब यह 85 रुपए प्रति छात्र कर दी गई है। निर्धन छात्र सहायता राशि 10 रुपए की जगह अब 15 रुपए ली जाएगी। विज्ञान क्लब निधि के तहत 30 रुपए लेंगे। पहले 20 रुपए लेते थे। क्रीड़ा निधि में अब विद्यार्थियों को 75 रुपए देने पड़ेंगे। पहले 65 रुपए दे रहे थे। बलचर निधि में 10 रुपए की बढ़ोत्तरी की गई है। अब 60 रुपए वसूले जाएंगे। कार्यकलाप के तहत 75 रुपए लिए जाएंगे। पहले 50 रुपए निर्धारित शुल्क था। रेडक्रॉस शुल्क में किसी प्रकार की बढ़ोत्तरी नहीं की गई है।

### परीक्षा संबंधी शुल्क दोगुना

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने वर्ष 2026-27 के लिए परीक्षा शुल्क में बेतहाशा बढ़ोत्तरी की है। कई शुल्क दोगुना से भी अधिक है। हाई व हायर सेकंडरी के विद्यार्थियों से पहले परीक्षा शुल्क 460 रुपए लिए जाते थे। यह बढ़ाकर 800 रुपए कर दिया गया है। नामांकन शुल्क 80 रुपए की जगह अब विद्यार्थियों को 200 रुपए देने पड़ेंगे। अतिरिक्त विषय पर पहले 110 रुपए शुल्क था, जिसे बढ़ाकर 250 रुपए कर दिया गया है।




### द्वितीय परीक्षा में 400 रुपए

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा नियमित विद्यार्थियों की द्वितीय अवसर परीक्षा भी ली जा रही है। इस परीक्षा शुल्क को बढ़ाकर 400 रुपए कर दिया गया है। पहले प्रति छात्र 280 रुपए लिए जाते थे। दो विषय में द्वितीय अवसर परीक्षा देने पर 340 रुपए की जगह 600 रुपए लिए जाएंगे। दो से अधिक विषय पर 640 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है।

### बाहरी विद्यार्थियों पर ये शुल्क

मंडल ने राज्य से बाहर वाले विद्यार्थियों के लिए भी बढ़ा हुआ शुल्क तय किया है। राज्य से बाहर के स्वाध्यायी विद्यार्थी पंजीयन व अनुमति शुल्क 2000 रुपए देंगे। पहले 1540 रुपए देने पड़ रहे थे। राज्य के नए स्वाध्यायी विद्यार्थी से भी यही शुल्क लिया जाएगा। राज्य के स्वाध्यायी एससी व एसटी विद्यार्थियों से पंजीयन व अनुमति शुल्क 560 रुपए की जगह 800 रुपए तय किया गया है। विलंब शुल्क 770 रुपए की जगह 1000 रुपए रखा गया है। विशेष विलंब शुल्क 1540 रुपए के बजाय 2000 रुपए लिए जाएंगे।

### स्वाध्यायी विद्यार्थियों को नियमित से ज्यादा शुल्क

मंडल ने स्वाध्यायी विद्यार्थियों की शुल्क में नियमित से ज्यादा वृद्धि की है। स्वाध्यायी संपूर्ण विषय हाई व हायर सेकंडरी परीक्षा के लिए 1600 रुपए देने होंगे। पहले 1230 रुपए प्रति छात्र निर्धारित था। एक विषय की परीक्षा के लिए 280 रुपए की जगह अब 500 रुपए और दो विषय के लिए 340 रुपए की जगह 600 रुपए देने पड़ेंगे। ग्राहयता शुल्क 310 रुपए की जगह 500 रुपए किया गया है।

# आईपीएल क्रिकेट सट्टा फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




कृषि फार्म में आईपीएल क्रिकेट ऑनलाइन सट्टा के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि 3 अप्रैल को ग्राम खैरझिटी कृषि फार्म में ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट सट्टा प्रकरण का फरार आरोपी के ठेलकाडीह बस स्टैंड में है, की सूचना पर घुमका पुलिस टीम तुरंत ठेलकाडीह के लिए रवाना हुई, जहां मुखबीर के बताए अनुसार आरोपी का पता तलाश कर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

### नागपुर का रहने वाला आरोपी

आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर घटना दिनांक 3 अप्रैल को रतन कृषि फार्म खैरझिटी में ऑनलाइन आईपीएल सट्टा खेलाने का कार्य में सहयोग करना स्वीकार किया। आरोपी जसमीत सिंह भाटिया 36 साल स्थायी पता वार्ड नंबर 13 खंडूवारा डोंगरगढ़ हाल मुकाम इंदिरा चौक वार्ड नंबर 28 मानेवारा नागपुर को रिमांड हेतु न्यायालय में पेश किया गया।

## सार समाचार

### रेत का अवैध उत्खनन करने पर 3 ट्रैक्टर जब्त



**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की टीम द्वारा डोंगरगांव तहसील अंतर्गत ग्राम बरगांव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टैक्टर क्रमांक सीजी-08-बीजी-4068, सीजी-08-एयू-5299 एवं सीजी-08-बीए-6067 द्वारा रेत का अवैध उत्खनन करने पर कार्रवाई करते जब्त कर थाना डोंगरगांव को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम के लिए लगातार गश्त व निगरानी की जा रही है।

# सोमनी मामले में बीएमओ सस्पेंड कीट की जांच रिपोर्ट आना बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी के ईरा गांव की नाबालिग लड़की की जांच में लापरवाही की शिकायत सामने आने के बाद अब स्वास्थ्य महकमे में भी बड़ा एक्शन हो गया है। इस मामले में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा बीएमओ डॉ. एनके टंडन को सस्पेंड कर दिया है। वहीं इस मामले में उपयोग हुई कीट की भी जांच रिपोर्ट का इंतजार सप्लायर के खिलाफ एक्शन के लिए हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि ईरा गांव की एक 14 वर्षीय नाबालिग मासिक धर्म की समस्या को लेकर जांच के लिए सोमनी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थी, जहां उसकी जांच कर उसे गर्भवती बता दिया गया था। इस मामले में जब जिला अस्पताल में जांच कराई गई तो रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुई। इस बीच नाबालिग को थाना में भी प्रताड़ना झेलनी पड़ी थी। इस पूरे मामले में विपक्षी दल भी हमलावार हो गया था। आक्रोश को देखते पुलिस विभाग ने सोमनी थानेदार सहित एक महिला आरक्षक को पहले ही सस्पेंड कर दिया था। इस मामले में बीएमओ को सस्पेंड करने की कार्रवाई की गई है।


**राजनांदगांव।** गत दिवस चिकित्सक के समर्थन में आईएमए राजनांदगांव ने सीएचएमओ को सौंपा ज्ञापन।

### सप्लायर भी निशाने पर

इस मामले में कीट सप्लाई करने वाले सप्लायर को लेकर भी नाराजगी देखने को मिल रही है। बताया गया कि जिस कीट से जांच की गई थी, उसकी तीन रिपोर्ट गलत पाई गई। जिसके बाद कीट का सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट सामने आने के बाद सप्लायर के खिलाफ भी ठोस कार्रवाई हो सकती है।

### जांच में पाए गए दोषी

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले की जांच के लिए प्रशासन ने एक टीम का गठन किया था। जिसका प्रभारी सीएमएचओ डॉ. नवरत्न को बनाया गया था। बताया गया कि उनकी जांच में ही ऐसे बिंदु सामने आए थे। जिसमें बीएमओ की लापरवाही होना पाया गया। इसी जांच रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

### विरोध में उतरा स्वास्थ्य महकमा

इधर मामले में स्वास्थ्य महकमे के अफसर एवं कर्मचारियों पर हो रहे एक्शन को लेकर विरोध भी शुरू हो गया है। सोमवार को जिला स्वास्थ्य महकमे के दर्जनों प्रतिनिधि ने पुलिस और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। बताया जा रहा है कि महकमे का कहना है कि कीट में गलत रिपोर्ट आना उनकी गलती नहीं है। ऐसे में उन पर एक्शन नहीं होना चाहिए।












## खबर संक्षेप

### गेट पर जाम से मरीज परेशान



**डोंगरगढ़।** अस्पताल परिसर के सामने बना पार्किंग स्थल आम मारिजो के लिए मुसीबत बन गया है। लोग एवं स्टाफ पार्किंग में वाहन खड़े करने के बजाए मुख्य गेट पर खड़ा कर देते है जिससे गंभीर दुर्घटना के शिकार मरीजों को गेट के बाहर काफी देर तक इंतजार करना पडता है। शिकायत के बाद अस्पातल के अधिकारी कर्मचारी अपने वाहनों भी सामने खडे कर रहे है। 108 या 112 आदि वाहन के साथ बीएमओ की गाडी गेट मार्ग पर खडी रहती है जिसके कारण मरीजों और परिजनों को दिक्क्तों का समाना करना पड रहा है।

### तालाब पार में पौधारोपण



**खड़गांव।** एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत ग्राम के बैजू तालाब पार में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा महामंत्री पांच बिट्टू, मयंक गुप्ता, जानकी, अनुसुइया, विमल, महेंद्र, घनश्याम गुप्ता, रवि साहू आदि उपस्थित थे। सभी उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने का आव्हान किया।

### लोधी समाज की प्रतिभाओं का सम्मान




**डोंगरगढ़।** अखिल भारतीय लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ ने नवम राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह एवं अधिवेशन का आयोजन महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट होटल टोल प्लाजा दुर्ग में किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं समाजसेवियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति का आधार शिक्षा, संगठन और सामाजिक एकता होती है। प्रतिभाओं का सम्मान केवल उनकी उपलब्धियों का सम्मान नहीं, बल्कि समाज के उज्ज्वल भविष्य का सम्मान भी है। अधिवेशन में संगठनात्मक विस्तार, शिक्षा प्रोत्साहन, युवा सशक्तिकरण तथा सामाजिक विकास पर चर्चा की गई।

### पूर्व गृहमंत्री ने किया बम्लेश्वरी के दर्शन



**डोंगरगढ़।** पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू रविवार को डोंगरगढ़ पहुंचे। उन्होंने मां बम्लेश्वरी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना किया। उनके आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने तथा जनहित के मुद्दों पर चर्चा भी हुई। इस दौरान प्रदीप शर्मा, राहुल तिवारी, मतीन खान, संजय यादव, अनिल गट्टानी, बब्बू भाटिया, थानेश्वर पटिला, नलिनी मेश्राम, रघुवर प्रसाद अग्रवाल, रामजी तराने, संजीव गोमस्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### टैक्स बार काउंसिल के सह-सचिव बने सत्यप्रकाश



**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल के प्रदेश सह-सचिव पद पर अधिवक्ता सत्य प्रकाश मिश्रा निर्विरोध निर्वाचित हुए है। उनके निर्वाचन को अधिवक्ता जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए नागरिकों ने बधाई दी हैं। श्री मिश्रा लंबे समय से विधि क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। नगर के रामकिशन कनौजिया, अमित जैन, विजय कुमार, दिलीप बिंदल, प्रकाश अग्रवाल, सरफराज खान, राजू ठाकुर, बाबा भाईजान एवं भारत ठाकुर सहित अन्य ने पुष्पगुच्छ कर बधाई दी है।

## ठेकेदार पर मनमानी करने का आरोप

# निर्माण के साथ आने लगी घटिया काम की शिकायतें

## पार्षदों की नाराजगी आई सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

अधोसंरचना मद से नगर के विभिन्न वार्डो में सीसी सडक एवं नाली निर्माण कार्य शुरू होने के साथ उसकी गुणवत्ता को लेकर शिकायतें सामने आने लगी है। नागरिकों की माने तो ठेकेदार निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पालन नहीं कर रहे है। नागरिकों ने कार्यो की जांच कर तय मापदंडो के अनुरूप कराने की मांग की है।

नगर पंचायत के पार्षदों के प्रस्ताव के आधार पर अधोसंरचना मद से सीसी सडक, नाली निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण शुरू होने के साथ शिकायतें आना तेज हो गया है। नागरिकों का आरोप है कि निर्माण में तय मापदंडो का पालन नही किया जा रहा है। सीसी सडक में क्यूरिंग ही नहीं की जा रही है जिससे सडक उखडने लगी है। सीमेंट उड़ रही है।

### पार्षदों ने खोला मोर्चा

निर्माण कार्य की क्वालिटी एवं क्यूरिंग नहीं होने को लेकर पार्षदो ने भी आवाज उठना शुरू कर दिया है। पार्षद ईश्वरी ध्रुवे एवं उषा यादव ने बताया कि वार्डो में बनाई गई सीसी सडक के निर्माण के दौरान क्यूरिंग नहीं किया जा रहा है जिससे सडक उखड़ने लगी है। सीमेंट धूल की तरह उड़ रही है। इसी तरह वार्ड तीन में बनाई गई सीसी सड़क के निर्माण में गुणवत्ता का पालन नहीं करने तथा क्यूरिंग नहीं करने की शिकायतें है। वार्ड 15 में निर्माणाधीन नाली निर्माण में मापदंण्डो के अनुरूप सरिया नही लगाने की गंभीर शिकायत है।



### शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश

सीसी सडक एवं नाली निर्माण में गुणवत्ता का पालन नहीं करने की शिकायत नगर पंचायत अध्यक्ष तक आ गई है। सभापति ईश्वरी ध्रुवे, विनोद डेहरिया, पार्षद उषा यादव ने अध्यक्ष से गुणवत्ता का पालन नहीं करने एवं ठेकेदार द्वारा मनमानी करने की शिकायत की है। पार्षदों की शिकायतों को गंभीरतो से लेते हुए नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने निर्माण षाखा को जांच करने तथा गुणवत्ता का पालन कराने का निर्देश दिया है। अध्यक्ष ने कहा कि काम में गडबडी मिली और कार्य में सुधार नही हुआ तो ठेकेदारो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पार्षदों के वार्डों में अधिक खर्च

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के पार्षदों से पांच पांच लाख के प्रस्ताव मगाए गए थे। पीआईसी मेंम्बरों के वार्ड में पांच लाख से कम के कार्य हो रहे है। पीआईसी मेम्बरो ने एकजुटता एवं भेदभाव से उपर उठते हुए अपने वार्डों में तय राशि से भी कम का कार्य दिया है। जानकारी के अनुसार पीआईसी मेंम्बर किशुन पटेल के वार्ड में साढे तीन लाख, सभापति उमा निषाद के वार्ड में साढे चार लाख, सभापति विनोद डेहरिया, ईश्वरी ध्रुवे एवं पावन गुप्ता के वार्ड में पांच लाख से कुछ कम की राशि के कार्य कराया जा रहे है। बताया जाता है कि नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने अधोसंरचना मद से आई राशि के वितरण के दौरान सभापतियो से कहा था की नगर में यह संदेश जाना चाहिए कि किसी भी पार्षद के साथ भेदभाव नहीं हुआ है।

### नगर में दो करोड़ के कार्य

जानकारी के अनुसार राज्य षासन ने अधोसंरचना मद से विभिन्न निर्माण कार्य के लिए एक करोड 95 लाख की मंजूरी दी है। लगभग एक करोड की लागत से पार्षदों के प्रस्ताव के आधार पर सीसी सडक एवं नाली निर्माण कार्य हो रहा है। शेष एक करोड की राशि में से 25 लाख की लागत से नगर पंचायत कार्यालय में प्रथम तल निर्माण, 35 लाख की लागत से गांधी चौक से बाजार चौक तक एवं गुप्ता चौक से लाल भीष्मदेव शाह चौक तक डामरीकरण, 10 लाख की लागत से जल संकट से घिरे क्षेत्रों में नलकूप खनन, दीनदयाल उपाध्याय कम्युनिटी भवन का जीर्णोद्धार, शापिंग कांप्लेक्स एवं टाउन हाल का मरम्मत संधारण शामिल है।

# नवीन समितियों में खाद संकट, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

खरीफ फसल बोआई को लेकर किसानों की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। मानसूनी बारिश के साथ फसल बोआई का श्रीगणेश हो जाएगा परन्तु खाद की कमी से किसान परेशान हैं। फसल बोआई शुरू होने का समय करीब आने के बाद भी किसानों को सोसायटी से अब तक खाद नहीं मिल पाई है। कृषक रोज खाद के लिए सोसायटी के चक्कर काट रहे हैं। खाद नहीं मिलने पर किसान दुकानों से मंहगे दाम पर खाद खरीद रहें हैं। वहीं खाद की समस्या नवीन गठित सहकारी समिति में और भी गंभीर है। नव गठित सहकारी समिति मानपुर नाका में खाद की आईडी अब तक जनरेट नहीं होने के कारण किसानों को खाद वितरण नहीं किया जा सका है।

जानकारी के अनुसार किसानों को लगभग 2 करोड़ 53 लाख का नकद ऋण का वितरण हो गया है पर खाद का वितरण अटका हुआ है। सोसायटी में पर्याप्त खाद भी नहीं पहुंची है। आगे मिली जानकारी अनुसार इस सोसायटी को अब तक डीएपी खाद उपलब्ध नहीं कराया गया है। यूरिया 27 टन तथा एसएसपी 30 टन भंडारित है। समिति ने विभाग से 60 टन डीएपी खाद की मांग किया था पर अब तक खाद उपलब्ध नहीं कराया गया। दूसरी ओर आईडी जनरेट नहीं होने से उपलब्ध खाद का वितरण अटका



### समय पर हो जाएगी व्यवस्था

भाजपा महामंत्री भीखु हिरवानी ने कहा कि भाजपा सरकार किसान हित में काम कर रही है। नवीन समिति होने से किसानों को कुछ परेशानी है। समिति संचालन तथा खाद रखने की भी व्यवस्था बन गई है। शीघ्र ही किसानों को मांग के अनुरूप खाद उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### सड़क पर आएंगे किसान

प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव कामदेव जंघेल ने खाद, बीज नहीं मिलने पर कहा कि सरकार किसानों का हित नहीं चाहती है। वह फसल का उत्पादन कम करने तथा व्यापारीयों को लाभ पहुंचाने में लगी है। किसान खाद बीज के लिए सोसायटी के चक्कर काट रहें हैं फिर भी खाद नहीं मिल रही है। किसानों को बाजार से महंगे में खाद खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसानो को समय पर खाद बीज नहीं मिला तो किसान सड़क पर आकर प्रदर्शन करेंगे।

### किसानों को नुकसान

जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने कहा कि सरकार किसानों को खाद, बीज उपलब्ध कराने में नाकाम है। किसानों को खाद नहीं मिलने से उत्पादन प्रभावित होगा और किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा।

### मांग से कम बीज

यहां सरना धान का बीज 12 टन एवं महामाया 6 टन उपलब्ध कराया गया था जो मांग से काफी कम है। पर्याप्त बीज खाद नहीं मिलने से किसानों में आक्रोश बना हुआ है। किसानों ने समय पर खाद उपलब्ध कराने की मांग किया है। इसी प्रकार नवीन सहकारी समिति ठाकुरटोला के किसानों को भी अब तक खाद नहीं मिली है। जानकारी अनुसार यहां डीएटी, राखड़, पोटाश, यूरिया 30 से 90 टन के मध्य मांग किया गया था पर अब तक यहां खाद नहीं आई है। केवल यूरिया खाद लगभग 54 टन उपलब्ध कराया गया। डीएपी सहित अन्य खाद की पूर्ति अभी तक नहीं हुई है।

# भाजपा की मासिक बैठक में कई विषयों पर चर्चा

**डोंगरगढ़।** मंडल भाजपा लाल बहादुर नगर की मासिक बैठक का आयोजन मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे के नेतृत्व में किया गया। बैठक में संगठनात्मक विषयों, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं तथा आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में एमडी ठाकुर शामिल हुए।

इस दौरान अतिथि के रूप में श्री दादूराम सोनकर, भरत वर्मा, प्रशांत कोडापे, अनीता मंडावी, पुष्पा सिन्हा, घनश्याम यादव, देवेंद्र साहू, हेमलाल वर्मा उपस्थित थे। शुरुआत में श्री वर्मा ने खाद वितरण की वर्तमान स्थिति एवं समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में खाद की कमी नहीं है तथा किसानों को



समय पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके पश्चात दादूराम सोनकर ने संगठन की मूल शक्ति बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को बताते हुए बूथों को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर जोर दिया। मुख्य वक्ता श्री ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं की जानकारी रखने

# खनिज माफिया ने पार की सैकड़ों ट्रिप रेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क चिरचारी

- कोहलाकसा नाला हुआ खोखला

दक्षिण बोरतलाव क्षेत्र के कोहलाकसा जंगल में रेत का अवैध खनन और परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा है। वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से समृद्ध जंगल विनाश की कगार पर पहुंच गया है। इस मामले के सामने आने के बाद भी विभाग ने अब तक संतोषजनक ठोस कदम नहीं उठाया है। प्रशासन की चुप्पी से प्रतीत होता है कि इस काले कारोबार को अफसरों की मौन सहमति है।

लोगों का कहना है कि वन विभाग जलाऊ लकड़ी इकट्ठा करने वाले ग्रामीणों पर धौंस जमाते हुए कुल्हाड़ी छीन लेता है, वही विभाग रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और तस्करों के सामने मूकदर्शक बना हुआ है। इसी दोहरी नीति के कारण ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है और उनका यह आरोप पूरी तरह न्यायसंगत है कि अफसरों की संलिप्तता के बिना अवैध उत्खनन मुमकिन नहीं है। जानकारी के अनुसार जंगल के चपरासी को विभागीय अधिकारियों के हर मूवमेंट की जानकारी होती है, उन्हीं की देखरेख में रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है।



### जांच और कार्रवाई की मांग

अब यह आवश्यक हो गया है कि जिला प्रशासन स्वयं मामले को संज्ञान लेकर कोहलाकसा जंगल में हुए भारी उत्खनन की उच्च स्तरीय जांच कराए और संलिप्त अधिकारियों व माफियाओं पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करे।

### नाले का अस्तित्व संकट में

अवैध उत्खनन के कारण इस जंगल को काफी नुकसान पहुंचा है जिसकी भरपाई भविष्य में संभव नहीं है। इस क्षेत्र से अब तक कई ट्रिप रेत अवैध रूप से बाहर निकाली जा चुकी है, जिसके कारण जंगल के प्राकृतिक नाला खोखला होने के साथ सूख चुका है जिसके परिणाम स्वरूप बारिश का पानी जमा होने के बजाय तेजी से बह जाता है।

# 90 दिन में आवास पूर्ण करने का आह्वान

**छुरिया।** जनपद पंचायत के अधीन आने वाली पंचायतों में गत दिनों चावल महोत्सव, रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान आवास एवं मनरेगा योजनाओं से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य आवास योजनाओं अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण को अधिकतम 90 दिवस में पूर्ण करने पर चर्चा की गई। हितग्राहियों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग, बोरी बंधान, इंजेक्शन वेल एवं जल संरक्षण संबंधित संरचना निर्माण हेतु प्रेरित किया गया । समस्त पंचायतो में विकसित भारत जीरामजी एक्ट लागू होने की जानकारी दी गई।



# पौधारोपण करने ग्रामीणों को किया प्रेरित

- मनरेगा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जनपद पंचायत के अधीन आने वाली 76 ग्राम पंचायतों में गत दिनों विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि मांग अनुसार मनरेगा के तहत जल संरक्षण से संबंधित कार्य जैसे नया तालाब, तालाब गहरीकरण, डबरी निर्माण, एससीटी कार्य, रिचार्ज सॉप्ट आदि कार्य दिया जा रहा है। मानसून को ध्यान में रखते हुए वर्षा के जल को संरक्षित करने जन-भागीदारी से बोरी बंधान, सोख्ता गढ्ढा निर्माण कारने ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। वृहद पौधरोपण करने पर चर्चा की गई।



### भू जल स्तर पर रखे नजर

ग्राम पंचायत में जलदूत ऐप से भू-जल स्तर का मापन एवं निगरानी पर चर्चा की गई। इस मौके पर बताया गया कि क्यूआर कोड स्कैन कर ग्राम पंचायत मे हुए कार्य की जानकारी प्राप्त किया जा सकता है। इस दौरान वीबीजीरामजी योजना के कियान्वयन एवं 125 दिवस का रोजगार, कार्यों की योजना आदि की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों एवं मनरेगा हितग्राहियों को 90 मानव दिवस पूर्ण होने की जानकारी दी गई। आवास दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री आवासों को जल्द पूर्ण करने हितग्राहियों का प्रेरित किया गया।

## आदिवासी कंवर विकास समिति का आयोजन

# बच्चों को दिया कैरियर पर मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरमुंदा

आदिवासी कंवर समाज विकास समिति के तत्वावधान एवं जिला युवाध्यक्ष प्रमोधदास सिरदार के मार्गदर्शन मे बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन लाल बहादुर नगर में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने भगवान दूल्हादेव की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर अध्यक्षता कर रहे श्री सिरदार ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात बिंदुलाल चंद्रवंशी एवं मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू ने बच्चों की शिक्षा एवं कैरियर निर्माण पर अपने विचार रखे। विभिन्न कक्षा के बच्चों को कैरियर निर्माण से संबंधित जानकारी देकर उनकी समस्याओ का समाधान मोटिवेशनल स्पीकरों ने किया।

मोटिवेशन स्पीकर के रूप मे कमल प्रसाद कंवर कार्यपालक अभियंता, डॉ. ज्ञानुका वर्मा, पूनाराम सिन्हा ने रोचक तरीके से बच्चों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम समन्वयक भुवनेश्वर कंवर, रवि चन्द्रवंशी, शिव कंवर, धनुष कंवर, विक्रम चन्द्रवंशी, भागवत चन्द्रवंशी, महेंद्र कंवर, संजीव चन्द्रवंशी थे। आयोजन में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष भरत वर्मा, एमडी ठाकुर, अनिता मंडावी, सीएल चन्द्रवंशी, नीलाम्बर चन्द्रवंशी, ललिता कंवर, बीराराम चन्द्रवंशी, पवन पंचारी, महेश कंवर, भगतसिंह, कलीराम चन्द्रवंशी, संतोष चन्द्रवंशी, रामदास कंवर, उमेन्दी कंवर, ताराचंद, रजलाल, गिरधारी, ढालसिंग, सतीश चन्द्रवंशी, दुर्पति कंवर, सरस्वती चन्द्रवंशी, गुलापा, सवाना कंवर, वीरेन्द्र कंवर, प्रकाश, तारण कंवर, काशीराम, सुरेन्द्र वर्मा, महेंद्र कंवर, खेमू कंवर, श्रवण कंवर, जगदीश चन्द्रवंशी, टोमन कंवर, भीषम कंवर, वासुदेव कंवर आदि शामिल हुए। संचालन धनुष कंवर एवं आभार प्रदर्शन भुवनेश्वर कंवर ने किया।

### क्रिकेट स्पर्धा 10 तक

**डोंगरगढ़।** ग्राम मुसराकला में स्मृति कप पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। गत 5 जून से आरंभ हुई स्पर्धा 10 जून तक चलेगी। स्पर्धा का उद्घाटन सरपंच गायत्री शिव टेम्बुलकर, जनपद सदस्य एवं पंचों की उपस्थिति में हुआ।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### समाज ने यश को किया सम्मानित



**सड़क अतरिया।** अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन द्वारा प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें समाज के छात्र छात्राओं के उत्कृष्ट अंक पाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में बेलगांव के पूर्व सरपंच शारदा गोरेलाल जंघेल के पुत्र यश जंघेल को दसवीं बोर्ड कक्षा में 82 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होने पर सम्मानित किया। समाज के पदाधिकारी एवं स्वजनों ने उन्हें बधाई दिया।

### शिव बने चोरड़ाधाम समिति के अध्यक्ष



**सड़क अतरिया।** चोरडाधाम में विगत दिवस जय डोंगेश्वर महादेव समिति की आवश्यक बैठक मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। बैठक में समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। बैइक में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर समिति का पुनर्गठन किया गया। समिति के सदस्यों की सहमति से शिवकुमार पटेल को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं राधेलाल जघेल को उपाध्यक्ष तथा माखन जंघेल को सचिव की जिम्मेदारी सौंपा गया है। इसी प्रकार धनराज पटेल को कोषाध्यक्ष, राजकुमार पटेल को सह सचिव एवं सुरेश पटेल को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों ने मंदिर के विकास को बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिव पटेल ने कहा कि सामूहिक प्रयास से मंदिर के अधूरे काम को पूर्ण कराया जाएगा। समिति के संरक्षक लाल टारकेश्वर साह खुशरो, पूर्व अध्यक्ष आनंद पटेल, गणेश राम वर्मा, जितऊ पटेल, केशलाल मंडावी, अशोक साहू ने बधाई दी है।

### युवक से 20 पौवा महाराष्ट्र की शराब बरामद

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने एक व्यक्ति से 20 पौवा महाराष्ट्र निर्मित शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत 8 जून को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बेलरगोंदी में आरोपी संतोष कुमार साहू अवैध रूप से अपने घर परछी में रखकर शराब विक्रय कर रहा। सूचना पर मौके पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई करने से मकान के परछी में ही 20 नग पौवा शीशी देशी दारू प्रीमियम सुपर डिलक्स संत्रा, महाराष्ट्र निर्मित तथा बिक्री रकम 2500 रुपए मिला, जसि जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ मौके पर अपराध धारा-34(1) आबकारी एक्ट की अपराध कायम कर विधिवत कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार कर मामला जमानतीय होने से जमानत मुचलके पर छोड़ा गया हैं तथा आरोपी के विरूद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## भूख मिटाने प्लास्टिक खाने को मजबूर मवेशी

# गंडई में प्रशासनिक उदासीनता का शिकार हो रहे बेसहारा मूक जानवर

## पेट में जमा हो रहा मौत का जाल, सुध लेने वाला कोई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

इंसानी लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता का खामियाजा गंडई क्षेत्र के मूक पशु भुगत रहे हैं। पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को लावारिस छोड़ दिए जाने के कारण, यह बेसहारा पशु सड़कों और कचरे के ढेरों पर मुंह मारने मजबूर हैं। भूख मिटाने की इस जद्दोजहद में यह मूक प्राणी अनजाने में मौत के सामान निगल रहे हैं।

गंडई नगर के अधिकांश सार्वजनिक स्थानों पर फैले प्लास्टिक के कचरे को खाकर मवेशी अपनी भूख शांत करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके कारण अब अधिकतर मवेशियों के पेट में जानलेवा प्लास्टिक जमा हो रहा है, जिससे उन्हें असहनीय दर्द से गुजरना पड़ रहा है।

जानकारों और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, भूख मिटाने के चक्कर में मवेशी भारी मात्रा में प्लास्टिक की झिल्लियां और कैरी बैग खा रहे हैं, जो पेट में जमा हो जाते हैं। डॉक्टरों के अनुसार इन्हें केवल जटिल ऑपरेशन से ही बाहर निकाला जा सकता है।

### भोजन के साथ निगल रहे मौत

क्षेत्र के मुख्य बाजारों, चौक-चौराहों और रिहायशी इलाकों में प्लास्टिक कचरे का सही प्रबंधन न होना इस त्रासदी की मुख्य वजह है। लोग अक्सर बचे भोज्य पदार्थों या गीला कचरा प्लास्टिक की थैलियों में बांधकर सड़कों पर फेंक देते हैं। भूखे मवेशी भोजन की गंध के कारण पूरी थैली निगल जाते हैं जिसके कारण यह प्लास्टिक मवेशियों के पेट में जाकर एक ठोस गुच्छा बन जाता है। इससे उनका पाचन तंत्र ठप हो जाता है, पेट फूलने लगता है और अंततः तड़प-तड़प कर उनकी मौत हो जाती है।



### खेतों में लगा दिए जाली घेरा, पशु कैसे मिटाए भूख

बता दे कि किसान लगातार अपने खेतों के सरहद को सड़क की ओर बढ़ा रहे है जिसके कारण घास भूमि का आभाव होने लगा है इसके साथ ही किसान अपने खेतों में जाली तार लगाकर मवेशियों को खेतों में जाने से रोक देते है ऐसे में मवेशियों के पास खाने के लिए पर्याप्त चारा नही मिल पाता है और मवेशी मजबूरी में भूख मिटाने प्लास्टिक की झिल्लिया खाते है।

### रैपर्स बढ़ा रहे मुसीबत

गंडई नगर के कई हिस्सों और मैदानों का फायदा उठाकर मदिरा प्रेमी खुले में शराब का सेवन करते हैं। शराब के साथ चखने के रूप में वे प्लास्टिक की थैलियों में खाने-पीने का सामान लाते हैं और जाते-जाते प्लास्टिक की थैलियों में खाद्य पदार्थों के अवशेष सहित अन्य गंदगी छोड़ जाते हैं। मवेशी इसे भोजन समझकर खा जाते हैं। इसके अलावा नागरिकों द्वारा सिंगल-यूज प्लास्टिक का अंधाधुंध उपयोग और उन्हें कहीं भी फेंक देने की आदत ने स्थिति को भयावह बना दिया है।

### स्वच्छता के दावों पर सवाल

यह दर्दनाक स्थिति स्थानीय नगर पंचायत के स्वच्छता दावों और मवेशियों के संरक्षण के लिए बनाई गई सरकारी दावों पर बड़े सवाल खड़े करती है। लावारिश मवेशियों को सुरक्षित आश्रय देने और उन्हें सड़कों से हटाने की जिम्मेदारी प्रशासनिक अमले की है, लेकिन धरातल पर हकीकत यह है कि मवेशी कचरे के ढेरों पर ही निर्भर हैं। यदि समय रहते इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया और सिंगल-यूज प्लास्टिक पर कड़ाई से प्रतिबंध नहीं लगाया गया, तो क्षेत्र में मूक पशुओं की मौत का यह खामोश सिलसिला यूं ही चलता रहेगा।

### फैक्ट्री से फुटकर दुकानदारों तक, प्लास्टिक का जानलेवा सफर

गौरतलब है कि देश में बड़े पैमाने पर फैक्ट्रियों में नियमों को ताक पर रखकर पतली प्लास्टिक कैरी बैग्स का निर्माण किया जा रहा है। यह एक सुनियोजित सप्लाई चेन से होते हुए थोक और फिर फुटकर दुकानदारों तक पहुंचता है। प्रशासन की ढील के कारण फुटकर दुकानदार धड़ल्ले से इसका उपयोग करते हैं, जो अंत में कचरे के रूप में सड़कों और नाली-नालों में फैल जाता है। यही प्लास्टिक अंततः बेकसूर पशुओं के पेट में पहुंचकर उन्हें मौत के मुहाने पर खड़ा कर रहा है।

### देखरेख जरूरी

मवेशियों के पेट मे भरे झिल्ली को ऑपरेशन कर निकाला तो जा सकता है, परंतु देख रेख की बहोत अधिक जरूरत रहता है। ऐसे में पशुओं को अंजोरा रिफर कर सकते है। ज्यादा अच्छा रहेगा कि मवेशी प्लास्टिक न खाए इस बात पर ज्यादा ध्यान दिया जाए।

- **योगेश कटारे,** पशु चिकित्सा अधिकारी

### अभियान चलाया जाएगा

पूर्व में प्लास्टिक की कैरी बैग सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों पर कार्यवाही किया गया था। आगे और भी जब्ती और पेनाल्टी की कार्यवाही किया जाएगा। जनजागरूकता लाने जल्द ही जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

- **अविनाश देवांगन,** मुख्य नगरपालिका अधिकारी

### प्लास्टिक पर रोक जरूरी

मवेशी भूख के कारण प्लास्टिक खाने लगे है। प्लास्टिक के विक्रय पर रोक लगाया जाना चाहिए, ताकि मवेशियों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ न हो। इस ओर आवेदन देकर रोक लगाए जाने की मांग जल्द किया जाएगा।

- **विनोद यदु,** अध्यक्ष हिन्दू युवा मंच

## अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ : साय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत बालोद तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों में संचालित विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की व्यापक समीक्षा की। बैठक में कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राजस्व प्रकरणों, ग्रामीण एवं शहरी विकास, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून-व्यवस्था तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति का विस्तृत आंकलन किया गया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार केवल एक प्रशासनिक अभियान नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत उन्होंने जनसमस्या निवारण शिविरों और चौपालों के माध्यम से सीधे लोगों से संवाद किया। उनकी समस्याओं को सुना और योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद प्रशासनिक अमले ने आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित भाव से कार्य किया है और इस प्रतिबद्धता को आगे भी बनाए रखना होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन का वास्तविक उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और संवेदनशील समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को सकारात्मक सोच, जवाबदेही और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के निर्देश देते कहा कि शासन की किसी भी योजना का पात्र हितग्राही लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।

### स्वामित्व योजना पर जोर

मुख्यमंत्री श्री साय ने दोनों जिलों में लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन तथा नक्शा सुधार से संबंधित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुराने लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना तथा राजस्व अभिलेखों के अद्यतन कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए।

### पीएम सूर्यघर योजना को आगे बढ़ाने निर्देश

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी) की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पहले अधिकतम स्वीकृत आवासों का निर्माण पूर्ण किया जाए, ताकि हितग्राहियों को शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण कार्यों को गति देने अधिक से अधिक कारीगरों को मेसन प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। जिससे भविष्य की आवश्यकताओं की पूर्ति भी सुनिश्चित हो सके। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव रजत बंसल, मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव प्रभात मलिक, दुर्ग संभाग के कमिश्नर एसएन राठौर, दुर्ग एवं राजनांदगांव रेंज के आईजी, बालोद तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।

## वाहन की टक्कर से दो गौवंश की मौत

**सड़क अतरिया।** अतरिया बुन्देली मार्ग के ग्राम कुकुरमुडा में शनिवार की रात तकरीबन 10 बजे एक तेज रफ्तार पीकअप वाहन ने दो गौवंश को जोरदार ठोकर मार दिया। गौवंश ने मौके पर ही दम तोड दिया। घटना को लेकर गांव में दिन भर आक्रोश का माहौल बना रहा।

प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार की रात दस बजे एक पिकअप वाहन सीजी 08 एआर 8719 कुकुरमुड़ा चौक से बुन्देली की ओर तेज रफ्तार से आ रहा था। वाहन ने कुकुरमुड़ा के बजरंग चौक के समीप दो गौवंश को जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे के बाद वाहन सड़क किनारे बने नाली में जा घुसा। दोनों गौवंश मौके पर ही दम तोड़ दिया। मौके पर उपस्थित लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दिया। इस हृदय विदारक घटना को लेकर जमकर आक्रोश जताया। वाहन पर सवार चालक परिचालक को सामान्य चोट आया था।

### गौ-तस्करी की आशंका

ग्रामीणों ने बताया कि उक्त वाहन हमेशा मवेशियों को लेकर गुजरता है तथा उन्हें छोड़कर वापस लौटता है। वाहन की रफ्तार हमेशा तेज रहती है। गांव से गुजरने पर भी वाहन की गति कम नहीं होती है। घटना के वक्त भी वाहन में मवेशी का मल पड़ा था। ग्रामीणों को आशंका है कि उक्त वाहन गौ-तस्करी में संलिप्त होगा जिसके कारण वाहन की रफ्तार काफी तेज रहती है। ग्रामीणों ने पुलिस से मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया है।

## पिकअप में मवेशी तस्करी, आरोपी गिरफ्तार

### सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

पिकअप वाहन में ठूंस-ठूंसकर भरकर मवेशियों को बिना चारा-पानी के महाराष्ट्र स्थित कत्लखाना ले जाने के मामले की सूचना पर पुलिस ने वाहन से मवेशी बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा आपराधिक गतिविधियों पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 7 जून को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप वाहन में कुछ व्यक्ति कमजोर मवेशियों को क्रूरतापूर्वक बिना चारा-पानी के भरकर महाराष्ट्र स्थित कत्लखाना ले जा रहे हैं।

### 4 मवेशी बरामद

पुलिस द्वारा 4 नग भैंसा पड़वा तथा घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन को जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना गंडई में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6 एवं 10, पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11 तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। विधि से संघर्षरत बालक के संबंध में किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

### सुरही पुलिया के पास नाकाबंदी

सूचना पर थाना गंडई पुलिस द्वारा बूढ़ासागर रोड स्थित सुरही नदी पुलिया के पास नाकाबंदी कर वाहन को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान वाहन में 4 नग भैंसा पड़वा, जिनकी अनुमानित कीमत 38,000 है, को रस्सी से क्रूरतापूर्वक बांधकर परिवहन किया जाना पाया गया। मामले में आरोपी थम्मन लाल बिसेन 48 वर्ष निवासी ग्राम करोंदा थाना बिरखा जिला बालाघाट व माखनलाल पवार 58 वर्ष निवासी ग्राम करोंदा थाना बिरखा जिला बालाघाट मप्र एवं एक विधि से संघर्षरत बालक पर कार्रवाई की गई।

## चौक में किया हंगामा, तीन पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** नंदई चौक में हंगामा मचाकर शांति भंग करने के मामले में पुलिस ने तीन अनावेदकों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 8 जून को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि नंदई चौक के पास कुछ व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर हो-हल्ला कर रहे हैं तथा समझाइश देने के बावजूद नहीं मान रहे हैं। जिससे वहां अनावश्यक भीड़ एकत्रित हो गई थी और शांति व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। सूचना मिलते ही थाना बसंतपुर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा मौके से वीर कुमार उर्फ छोटू यादव, फेरहाराम ठाकुर उर्फ छोटू एवं अनिल यादव को गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया। अनावेदकों पर कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## साला ने जीजा के घर को लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जीजा से गाली-गलौज कर मारपीट करने के बाद घर में आग लगाने की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी साला के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार चिखली चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 6 जून को चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी अपने मोहल्ले में बैठकर घरेलू बातचीत कर रहा था। उसी समय प्रार्थी के रिश्ते में साला रिस्ता नेताम शराब के नशे में आकर गाली-गुप्तार करने लगा, मना करने पर और अधिक उत्तेजित होकर हाथ-मुक्का से मारपीट कर गाल में नुकीली वस्तु से वार कर चोंट पहुंचाया। जिसकी रिपोर्ट लिखाने चौकी चिखली आने पर उसी दौरान प्रार्थी के साला रिस्ता नेताम घर में आग लगा दिया कि रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 326(जी) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में चौकी चिखली पुलिस द्वारा टीम तैयार कर आरोपी रिस्ता नेताम को ग्राम बोरी से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपराध सदर धारा का अपराध घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी रिस्ता 27 साल निवासी ग्राम बोरी के विरूद्ध विधिवत कार्रवाई करते गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

प्रथम पुण्यस्मरण



सुकमा कोंटा में शहीद हुए एवं मातृभूमि के लिये
सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
अमर शहीद आकाश राव गिरेपूंजे जी
स्वर्गलोक गमन: 9.6.2025
को शत्-शत् नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि कार्यक्रम - दिनांक 9 जून 2026
सुबह 11:00 बजे से 4:00 तक लाखे नगर चौक, रायपुर

- श्रद्धानवत् -
श्रीमती गीता मंदा गोविंद राव गिरेपूंजे (माता-पिता), श्रीमती स्नेहा आकाश राव गिरेपूंजे (पत्नी), सिद्धांत, नव्या (पुत्र-पुत्री), आदर्श गिरेपूंजे (भाई), श्रीमती रश्मि कमलाकर राव गिरेपूंजे, श्रीमती प्रेमलता बसंत गिरेपूंजे, श्रीमती सुनीता नरेंद्र राव गिरेपुजे (चाची-चाचा), श्रीमती खेमलता मैहरकुरे, श्रीमती रेखा गणेश ठोंबरे, श्रीमती अनीता उमेश मलेवार, (बुवा)
एवं समस्त गिरेपूंजे परिवार

- मित्र गण -
सुखनंदन राठौर सर, अविनाश सर, राहुल देव शर्मा सर, कीर्तन राठौर सर, तारकेश्वर पटेल सर, पोर्ते सर, प्रशांत शुक्ला सर, विवेक शुक्ला सर, अमर सिदार सर, अभिषेक अग्रवाल सर

MAHESHWARI

## नगर पंचायत में जीत मिलने के बाद मनाया गया जश्न

# नपं अध्यक्ष ने जताया आभार, रैली में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पहली बार संपन्न हुए घुमका नगर पंचायत के चुनाव में विजयी होकर अपनी जीत दर्ज कर इतिहास रचने वाली फूलमती वर्मा ने अपनी जीत को लेकर जनता का आभार जताया। इस दौरान नगर में आभार रैली निकाली गई। इस रैली में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए।



हाल ही में संपन्न हुए घुमका नगर पंचायत चुनाव में विजय प्राप्त करने वाली कांग्रेस प्रत्याशी फूलमती वर्मा ने अपनी जीत का श्रेय नगर की जनता को देते उनका आभार जताया। कांग्रेस द्वारा यहां पर रविवार की शाम आभार रैली का आयोजन किया गया था। रैली में खुली जीप में सवार होकर नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष नगर की जनता का आभार जताने निकली। इस मौके पर उनके साथ डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल भी मौजूद रही। नगर में निकली इस आभार रैली का जगह-जगह स्वागत किया गया। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष फूलमती वर्मा की महिलाओं ने आरती उतारी, उनका फूल मालाओं से स्वागत करते साफा पहनाया गया।

### क्षेत्र में बेहतर विकास प्राथमिकता

नगर पंचायत चुनाव में मिली इस जीत को लेकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष फूलमती वर्मा ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से नगर का बेहतर विकास करेंगे। जनता ने उनके पक्ष में मतदान कर अपना आशीर्वाद उन्हें दिया है, जिस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने जनता से मिले स्नेह को लेकर सभी का आभार जताया।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया उत्साह

नगर नगर पंचायत क्षेत्र में निकली इस आभार रैली के दौरान स्थानीय नागरिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर उत्साह मनाया। बाजे-गाजे के बीच लोग थिरकते रहे। वहीं रैली के दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई। रैली नगर के विभिन्न वार्डों और गली-मोहल्ले से होते हुए गुजरी।

## सार समाचार

### चिखली मुक्तिधाम में चला स्वच्छता अभियान

**राजनांदगांव।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शक्तिधाम अघोर शोध एवं जनकल्याण आश्रम, बाबूटोला द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान की शुरूआत की गई। इसी कड़ी में रविवार को चिखली मुक्तिधाम परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता और हरियाली का संदेश दिया गया। गुरुदेव हरीश यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान में समिति के सदस्यों ने मुक्तिधाम परिसर की साफ-सफाई कर लोगों से भी सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आगामी रविवार को रेलवे स्टेशन में यात्रियों को शीतल जल वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक रविवार को शहर के विभिन्न वार्डों में स्थित मुक्तिधामों और श्मशानों में सफाई अभियान चलाने तथा वृक्षारोपण करने की योजना बनाई गई है। अभियान में शहर के समाजसेवी एवं होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. उत्तम चावड़ा ने भी सहभागिता निभाई। वहीं समिति के दुर्गा यादव, कौशल मानिकपुरी, पिंटू देवांगन, श्रेष्ठा यादव, कृष्टि बरसागढ़े, सिद्धार्थ, पिंटू निषाद, प्रशांत वर्मा, चंद्रेश साहू, किशन चौरसिया, लव यादव, बिट्टू रामटेके, राकेश देवांगन, श्यामू साहू, लक्की धनकर, विक्रांत यादव, आशीष साहू, युवराज, अक्षय देवांगन सहित अनेक सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे।



### घुमका में कांग्रेस की जीत पर भाजपा का पलटवार

**राजनांदगांव।** घुमका नगर पंचायत चुनाव के नतीजों पर प्रतिक्रिया देते जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कांग्रेस के आरोपों को पूरी तरह से भ्रामक, आधारहीन और हताशा का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि एक स्थानीय निकाय के चुनाव परिणाम को राज्य की विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन की विफलता बताना कांग्रेस की संकीर्ण और अवसरवादी सोच को दर्शाता है। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कांग्रेस नेता मदन साहू के बयानों का खंडन करते कहा कि एक स्थानीय चुनाव से सरकार का आकलन गलत है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाना हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करती है। घुमका की जनता ने जो भी फैसला दिया है, हम उसका स्वागत करते हैं। एक सजग विपक्ष के रूप में भाजपा घुमका नगर पंचायत के विकास और वहां की जनता के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी और कांग्रेस के स्थानीय प्रशासन की हर विफलता को उजागर करेगी।

### खातों में संशोधन 10 तक

**राजनांदगांव।** दीनदयाल भूमिहीन मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत खातों में संशोधन की कार्रवाई पोर्टल के माध्यम से 10 जून तक की जा रही है। ऐसे हितग्राही जिनकी राशि विभिन्न कारणों से अंतरण नहीं हो पाई है, उनके खातों के संशोधन निर्धारित तिथि तक पोर्टल के माध्यम से करा सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के 196 तथा नगरीय क्षेत्र के 31 हितग्राहियों को खाता संशोधन निर्धारित अवधि तक कराने की अपील की गई है।

### त्वचा रोग शिविर में 74 मरीजों ने लिया परामर्श

**राजनांदगांव।** लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा रविवार को गुरुद्वारा रोड स्थित लायन सेवा सदन में निःशुल्क त्वचा एवं सौंदर्य रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. तान्या एस. दुबे ने अपनी सेवाएं प्रदान करते 74 मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। लायंस क्लब के अध्यक्ष राजेश कोटड़िया ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य आम लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह उपलब्ध कराना था। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर लाभ उठाया।



उन्होंने कहा कि लायंस क्लब का मूल मंत्र वी सर्व है और संस्था हमेशा समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य, सेवा और जागरूकता का संदेश पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रही है। शिविर के सफल आयोजन में क्लब के सचिव योगेश गुप्ता, अशोक कोटड़िया, आनंद वर्गीज, नवीन तिवारी, ऋषभ नाहटा, राहुल लालवानी तथा बृजेश शर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन के दौरान मरीजों को त्वचा संबंधी समस्याओं के उपचार एवं बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई।

### कार्ययोजना बैठक 9 जून को

**राजनांदगांव।** राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान आह्वान अभियान के दूसरे चरण की समीक्षा एवं कार्ययोजना के संबंध में मंगलवार 9 जून को सुबह 10 बजे मां पंचगव्य चिकित्सा एवं गौरक्षा अनुसंधान केन्द्र बसंतपुर महामाया चौक राजनांदगांव में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में जिला स्तर पर आयोजित गौ सम्मान आह्वान अभियान के दूसरे चरण 27 जुलाई 2026 की तैयारी के संबंध में चर्चा कर कार्ययोजना बनाई जाएगी। बैठक में सभी गौ भक्तों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

## देर रात पाया गया आग पर काबू

# भीषण आगजनी में तबाह हुआ घर, मदद के लिए उठे हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रविवार की रात शहर के बसंतपुर क्षेत्र स्थित राजीव नगर के एक मकान में भीषण आगजनी हो गई। इस आगजनी में घर के भीतर रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। घर के भीतर तबाही का मंजर सुबह साफ नजर आया। वहीं इस गरीब परिवार की मदद के लिए भी शहर के कई समाजसेवी सामने आए हैं।

शहर के वार्ड नंबर 42 राजीव नगर में रविवार की रात लगभग 8.30 बजे के करीब ढेलाबाई सारथी के मकान में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि ढेलाबाई अपने पुत्र के साथ उक्त मकान में रहती थी। रात लगभग 8.15 बजे के करीब वह किराना दुकान सामान लेने गई थी। इस दौरान घर पर और कोई भी नहीं था, तभी आग की तेज लपटे उसके कच्चे घर को घेरने लगी। पलभर में मकान से धुंआ उठता देख लोगों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को मामले की सूचना दी। कुछ ही देर में दमकल कर्मी भी मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास चालू किया गया और देर रात आत आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक घर के भीतर रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। घर पर कच्ची छत भी जलकर नष्ट हो गई और केवल चार दीवारियां ही बच गई।



### पक्का मकान निर्माण करने मदद

इधर भीषण आगजनी की सूचना मिलने पर शहर के समाजसेवी परवेज अहमद ने मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाते हुए उक्त मकान का पक्का निर्माण स्वयं के खर्चे पर करने की बात कही है। आज उन्होंने प्रभावित स्थल का निरीक्षण कराकर शीघ्र मकान निर्माण प्रारंभ करने कहा है।

### सामुदायिक भवन में मिला आश्रय

मकान में आग लगने के बाद उक्त परिवार के पास रहने और खाने की व्यवस्था भी नहीं है। जिसके लिए समाजसेवी लोगों ने उनके खाने की व्यवस्था की है और उक्त परिवार को आवास निर्माण तक सामुदायिक भवन में आश्रय दिया गया है।

### मंगलसूत्र और नगदी रकम भी जलकर खाक

घर में भीषण आग लगने की सूचना मिलने के बाद अपने मायके पहुंची पीड़िता की पुत्री टेमिनबाई सारथी ने बताया कि घर के भीतर रखा कोई भी समान नहीं बचा। बर्तन, कपड़े, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज, 60 हजार नगद और भाई के विवाह हेतु बीते माह ही लिया गया 40 हजार का मंगलसूत्र भी आग में जल गया।

### पहुंची प्रशासनिक टीम

प्रशासन की ओर से आज सुबह संबंधित विभाग द्वारा मौके का निरीक्षण कर मुआवजा प्रकरण तैयार किया जा रहा है। माना जा रहा है कि आग शॉर्ट-सर्किट की वजह से लगी होगी। बहरहाल पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है।

### नहीं मिला पीएम आवास योजना का लाभ

राजीव नगर के कच्चे मकान में आग लगने की जानकारी मिलने पर पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री सहित अन्य लोग भी परिवार की मदद के लिए पहुंच गए। पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने बताया कि मकान लगभग 100 स्क्वायर फीट के भीतर निर्मित था। पट्टा छोटा होने के चलते प्रधानमंत्री आवास का लाभ भी उन्हें नहीं मिल पाया था। उक्त परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर है। उन्होंने शासन - प्रशासन से परिवार की आर्थिक सहायता के लिए उचित मुआवजा देने मांग की है।

## जिन्हें राजनीति करना है वो तम्बू स्वयं लगाए : मधुसूदन

- सिवनीकला में सुशासन तिहार, 85 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिवनीकला में सोमवार को क्लस्टर स्तरीय सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। 13 ग्राम पंचायतों के इस संयुक्त शिविर में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान लगभग 85 लाख रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण भी किया गया।

सिवनीकला में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव तथा प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रशासनिक अमले की भी सक्रिय भागीदारी रही। एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार और जनपद पंचायत के सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिवनीकला में करीब 85 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और पूर्ण हो चुके कार्यों का लोकार्पण किया गया। मधुसूदन यादव ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। जल संरक्षण की दिशा में और पर्यावरण रक्षा की दिशा में हर घर एक पेड़ लगाने की अपील आम जनता से किया। विकास कार्यों की श्रृंखला को देखकर सिवनी सरपंच योगेश संचेती की तारीफ किया।

सुशासन तिहार शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और विभिन्न योजनाओं से संबंधित समस्याओं एवं मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। जनप्रतिनिधियों ने इसे शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम बताया।

## मारपीट का आरोपी पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** पुरानी रंजिश के चलते राड-फावड़ा से मारपीट करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत विगत दिनों प्रार्थी हीराराम कुंजाम 55 निवासी पेंड्री द्वारा थाना लालबाग में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी कैलाश उइके ने पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी के पुत्र पर लोहे के रॉड एवं फावड़ा से सिर पर मारपीट कर चोंट पहुंचाया है। जिससे उसके सिर एवं शरीर के अन्य भागों में गंभीर चोंटे आई। घायल को तत्काल उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार किया गया। मामले पर मामला दर्ज किया गया। प्रकरण के दौरान प्राप्त साक्ष्यों, गवाहों के कथनों एवं चिकित्सकीय दस्तावेजों के आधार पर प्रकरण में धारा 118(2) का अपराध घटित होना पाए जाने पर मामले में धारा जोड़ी गई। आरोपी कैलाश उइके 18 वर्ष के खिलाफ अपराध कार्रवाई की गई।

## पशु तस्करी, दो मामलों में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई

पशु तस्करी के विरुद्ध धरपकड़ अभियान तेज कर दिया गया है। जिसके तहत 2 प्रकरणों में अवैध पशु परिवहन करने वाले 7 आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत 7 जून को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप वाहन में कमजोर मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरकर बिना चारा-पानी के महाराष्ट्र स्थित कत्लखाने ले जाया जा रहा है।

### अन्य मामले में भी पकड़ाए

सूत्रों ने बताया कि इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में आरोपी महेन्द्र पटेल 27 वर्ष, कमलेश पटेल 23 वर्ष, पांडव पटेल 28 वर्ष एवं रोहित पंचतिलक 36 वर्ष को अवैध रूप से मवेशियों को परिवहन करते पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 2 बैल एवं 2 पांडा सहित कुल 4 मवेशी तथा पिकअप वाहन जब्त किया गया।

### पुलिस ने की नाकाबंदी

थाना गंडई पुलिस द्वारा तत्काल नाकाबंदी कर वाहन को रोककर जांच की गई। वाहन में 5 बैल एवं 1 पांडा सहित कुल 6 मवेशी क्रूरतापूर्वक बंधे हुए पाए गए। पुलिस ने मवेशियों के साथ घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद की। पुलिस के अनुसार इस मामले में आरोपी दयाराम पटेल 34 वर्ष, तोरन बाहेश्वर 40 वर्ष एवं अश्वन पंचेश्वर 40 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6 एवं 10, पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11 तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### 10 मवेशी, दो पिकअप बरामद

दोनों प्रकरणों में कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर 10 मवेशी एवं दो पिकअप वाहन सहित कुल 7,40,000 रुपए की संपत्ति जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पशु तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध गंडई पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी है।

## सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहे दर्जनभर से अधिक पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** क्षेत्र के रिसोर्ट एवं ढाबों में पुलिस ने आकस्मिक रूप से दबिश देकर सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने वाले 14 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। वहीं पीने की सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में ढाबा संचालक पर कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक दिलीप पटेल के नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस की टीम गठित कर 7 जून की रात्रि में मनगटा व झूराडबरी क्षेत्र अंतर्गत स्थित रिसॉर्ट में औचक छापेमारी कार्रवाई किया गया।



### ढाबा में पीने की सुविधा, कार्रवाई

पुलिस के मुताबिक ढाबा चेकिंग के दौरान ग्राम देवादा शेरे पंजाब ढाबा के संचालक कुलदीप सिंग 54 साल निवासी शेरे पंजाब ढाबा देवादा द्वारा अपने ढाबा में शराब सेवन करने की सुविधा उपलब्ध कराते पाए जाने पर धारा 36(सी) आबकारी एक्ट की कार्रवाई किया गया। हमारा ढाबा देवादा के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने वाले अश्वनी चंद्राकर 24 साल निवासी शिव मंदिर पारा गिरधारी नगर दुर्ग के विरूद्ध 36(च) आब एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

### रिसोर्ट के पास शराब पीते पकड़ाए

इस दौरान ग्राम झूराडबरी मेपल रिसॉर्ट के पास आम जगह में शराब पी रहे केतन यादव 29 साल निवासी टंकी मरौदा, रवि सेन 25 साल निवासी आजादपारा मडौदा टंकी, दीपक निषाद 25 साल निवासी टंकी मडौदा, ललित यादव 27 साल निवासी नेवई बस्ती, मुकेश ठाकुर 26 साल निवासी टंकी मडौदा, गणेश यादव 33 साल निवासी नंदी चौक नेवई, सूरज यादव 33 साल निवासी रिसाली सेक्टर, भीमप्रसाद सिंग 26 साल निवासी टंकी मरौदा, वैभव यादव 26 साल रिसाली भाठा, महेन्द्र यादव 33 साल निवासी टंकी मडौदा, विक्की यादव 31 साल निवासी गोवर्धन चौक नेवई, ध्रुव निर्मलकर 19 साल निवासी मडौदा टेंक, अनुराम सोनकर 20 साल सेक्टर-4 सड़क 13 भिलाई के विरूद्ध 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया।

## मिले मांग के 70 और 28 शिकायती आवेदन पत्र



**राजनांदगांव।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत वार्डवासियों की समस्या का समाधान करने तथा उन्हें शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने वार्डों में आयोजित शिविर के तहत आज वार्ड नं. 39, 40 व 48 के लिये गंजपारा स्कूल में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मांग के 70 तथा शिकायत के 28 इस प्रकार कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए। जिसका प्राथमिकता से निराकरण किया जायेगा।

शिविर में महापौर श्री यादव ने वार्डवासियों से कहा कि शासन की मंशानुरूप वार्डों के लिए क्लस्टर आधार पर जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य नागरिकों के पास जाकर उनकी समस्या से अवगत हो उसका निराकरण करना है। उन्होंने कहा कि शिविर अब अंतिम चरण में है, नागरिकों द्वारा दिये गये आवेदनों को छटनी कर विभागवार मांग एवं शिकायत अलग कर निराकरण किया जायेगा, ताकि वार्डवासियों को उसका लाभ मिल सके।

## पर्यटन को बढ़ावा दे रही सरकारः नीलू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल ने सहयोगी संस्था फिक्की (एफआईसीसीआई) के साथ मिलकर भुवनेश्वर के मेफेयर कन्वेंशन सेंटर में भव्य छत्तीसगढ़ पर्यटन रोड-शो का सफल आयोजन किया गया।

इस रोड-शो में छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति/ प्राचीन पुरातात्विक धरोहरों/आध्यात्मिक स्थलों/ प्राकृतिक जलप्रपातों/ घने वनों/ वन्यजीव अभ्यारण्यों/ लोककला और सांस्कृतिक विरासत को आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। साथ ही पर्यटन निवेश/ नए पर्यटन उत्पादों और संभावित व्यावसायिक अवसरों पर भी विस्तार से जानकारी साझा की गई।

कार्यक्रम में पर्यटन उद्योग से जुड़े प्रमुख हितधारकों/ टूर ऑपरेटर्स/ होटल व्यवसायियों/ ट्रैवल एजेंट्स/ मीडिया प्रतिनिधियों और दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की पर्यटन संभावनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करना तथा ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच पर्यटन सहयोग को और मजबूत बनाना था। छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन विभाग के सचिव एस. भारती दासन ने कहा कि राज्य सरकार सतत और अनुभव-आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ देश के उन चुनिंदा राज्यों में शामिल है, जहां पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य, जनजातीय जीवन, आध्यात्मिक स्थलों और रोमांचक पर्यटन गतिविधियों का अनूठा अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने कहा कि पर्यटन बोर्ड राज्य में पर्यटन अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने, पर्यटकों के अनुभव को बेहतर करने और छत्तीसगढ़ को देश के उभरते पर्यटन गंतव्यों में स्थापित करने लगातार प्रयासरत है।



### छग में पर्यटन विकास पर जोर

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते ओडिशा के टूर ऑपरेटर्स/ ट्रैवल एजेंट्स और होटल व्यवसायियों को छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने और अपने पर्यटक समूहों को छत्तीसगढ़ लाने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटन का विकास केवल सरकार के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए निजी क्षेत्र, पर्यटन उद्योग और विभिन्न राज्यों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। श्री शर्मा ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच संयुक्त पर्यटन गतिविधियों और आयोजनों को बढ़ावा देने पर जोर देते कहा कि इससे क्षेत्रीय पर्यटन को नई गति मिलेगी और दोनों राज्यों के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंध भी मजबूत होंगे।

## चाकू की नोक पर लूटपाट 3 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** एक्सीडेंट का बहाना बनाकर चाकू की नोक पर लूटपाट करने वाले आरोपी को 3 घंटे में गिरफ्तार कर बसंतपुर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी पमेश ठाकुर 24 वर्ष ने थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने साथियों के साथ मोहारा ऑक्सीजोन घूमने गया था। 8 जून को शाम लगभग 4.30 बजे सभी अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान मोहारा नदी स्थित पानी टंकी के पास सामने से आ रहे मोटर साइकिल चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते उनकी मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे वे सड़क पर गिर गए। दुर्घटना के बाद आरोपी राहुल राजपूत उर्फ गुर्जर एवं शरद यादव उर्फ दादू यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी एवं उसके साथियों के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट की। आरोपियों ने धारदार चाकू दिखाकर उन्हें भयभीत किया तथा जबरन उनके 2 मोबाइल फोन छीन लिए एवं फोन-पे के माध्यम से 3,000 रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 281, 296, 115(2), 351(2), 309(3), 309(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तत्काल आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। महज 3 घंटे के भीतर घेराबंदी कर आरोपी राहुल राजपूत उर्फ गुर्जर एवं शरद यादव उर्फ दादू यादव को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने अन्य नाबालिग साथियों के साथ मिलकर अपराध करना स्वीकार किया। उनके कब्जे से लूटे गए 2 मोबाइल फोन, नगदी 2,500 रुपए, घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू एवं मोटर साइकिल बरामद कर जब्त की गई। आरोपियों एवं विधि के विरुद्ध संघर्षरत बालकों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपियों को जिला जेल भेजा गया।

## बैंक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने ली शाखा प्रबंधकों की बैठक

# किसानों को ऋण वितरण में नहीं होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खरीफ सीजन को देखते किसानों को खाद, बीज एवं नगद ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल एवं उपाध्यक्ष भरत वर्मा ने शुक्रवार को बैंक सभागार में आयोजित शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप खाद एवं बीज का सुचारू वितरण किया जाए तथा ऋण वितरण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा न आने पाए।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल एवं उपाध्यक्ष भरत वर्मा ने बैंक के समस्त शाखा प्रबंधकों के साथ खरीफ सीजन की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में किसानों को समय पर आवश्यक कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। अध्यक्ष श्री बघेल ने कहा कि खरीफ फसलों की बुवाई का समय किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। प्रबंधकों को निर्देशित किया कि समितियों के माध्यम से किसानों को शासन की निर्धारित पात्रता एवं मापदंडों के अनुसार खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए।






### समितियों को दिए निर्देश

पदाधिकारियों ने निर्देश दिए कि खाद के भंडारण एवं वितरण की व्यवस्था पूरी तरह व्यवस्थित रहे तथा किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार समय पर सामग्री उपलब्ध कराई जाए।

### किसानों को मिले कृषि सुविधाएंः वर्मा

उपाध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसानों तक कृषि सुविधाएं पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी शाखा प्रबंधकों से समितियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने तथा वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले की विभिन्न सहकारी समितियों में खरीफ सीजन को ध्यान में रखते पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का भंडारण पहले से कर लिया गया है। साथ ही शाखा प्रबंधकों को समितियों का सतत निरीक्षण एवं परीक्षण करने, स्टॉक की नियमित समीक्षा करने तथा किसी भी प्रकार की कमी अथवा समस्या सामने आने पर उसका तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

## राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुए शिक्षक लक्ष्मीकांत



**राजनांदगांव।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए शिक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा को 6 जून को नई दिल्ली के द्वारका स्थित आईटीसी वेलकम होटल में आयोजित शिक्षा में उभरती टेक्नोलॉजी पर राष्ट्रीय शिक्षक परामर्श कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय एयरटेल फाउंडेशन एवं द टीचर अप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से चयनित शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा में उभरती तकनीकों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तथा नवाचारों के उपयोग पर शिक्षकों के अनुभव एवं सुझाव प्राप्त करना था। कार्यक्रम के दौरान लक्ष्मीकांत शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान, नवाचारी शिक्षण पद्धतियों तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु किए गए प्रयासों के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

## अनदेखी: सांसद, कलेक्टर से लेकर विभागीय सचिव तक कर चुके दौरा

# वर्षों बाद भी अधूरा राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य में अपेक्षित तेजी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पोंड़ी से पंडरिया होते हुए मुंगेली तक निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग 130 ए का कार्य अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रहा है। करोड़ों रुपए की लागत से बनाई जा रही इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना को शुरू हुए लगभग चार वर्ष होने जा रहे हैं, लेकिन अब तक इसका निर्माण पूरा नहीं हो सका है। हालात ऐसे हैं कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के लगातार दौरे के बावजूद परियोजना की रफ्तार में कोई उल्लेखनीय सुधार नजर नहीं आ रहा है। इस सड़क को क्षेत्र की यातायात सुविधा और विकास के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके बावजूद निर्माण कार्य कई स्थानों पर अटका हुआ है।

सांसद, कलेक्टर और लोक निर्माण विभाग के सचिव तक परियोजना का निरीक्षण कर चुके हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर काम की गति अब भी धीमी बनी हुई है। विशेष रूप से पोंड़ी और पंडरिया बायपास मार्ग का निर्माण लंबे समय से अधूरा पड़ा है।

परियोजना में सबसे बड़ी बाधा भूमि अधिग्रहण और मुआवजा भुगतान को बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पोंडी और पंडरिया बायपास मार्ग के लिए जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई है, उनमें से कई किसानों को अब तक पूर्ण मुआवजा नहीं मिल पाया है। इसी कारण प्रभावित किसान अपनी जमीन पर निर्माण कार्य आगे बढ़ाने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। परिणामस्वरूप कई हिस्सों में निर्माण कार्य बीच में ही रुक गया है। पोंडी बायपास में अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है और केवल कुछ हिस्सों में काम शेष है। दोनों ओर अर्थवर्क का कार्य भी किया जा चुका है, लेकिन बीच-बीच में अटके हुए हिस्सों के कारण पूरा मार्ग तैयार नहीं हो पा रहा है। वहीं पंडरिया के पास बिशेषरा पुल से पहले मुंगेली रोड की ओर प्रस्तावित बायपास का कार्य अभी तक शुरू भी नहीं हो सका है। हाफ नदी के पहले तक कुछ निर्माण दिखाई देता है, लेकिन इसके आगे मैनपुरा-मुंगेली मार्ग से जुड़ने वाले हिस्से में कार्य नहीं बढ़ पाया है।

### फोंक नदी पुल का निर्माण भी अधूरा



इसी तरह पांडातराई के पास फोंक नदी पर बनने वाले पुल का निर्माण भी अधूरा पड़ा हुआ है। पुल के कई पिलर और ढांचे खड़े किए जा चुके हैं, जबकि कुछ संरचनात्मक हिस्से तैयार कर किनारे रखे गए हैं। इसके बावजूद पुल निर्माण आगे नहीं बढ़ रहा है। स्थानीय स्तर पर माना जा रहा है कि संबंधित भूमि और मुआवजा संबंधी प्रक्रियाओं के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है।

### आवागमन में हो रही परेशानी

सड़क निर्माण में देरी का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अधूरी सड़क, उड़ती धूल और जगह-जगह निर्माण सामग्री के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है। लोगों का कहना है कि विकास कार्यों का उद्देश्य जनता को सुविधा प्रदान करना होता है, लेकिन वर्तमान स्थिति में यह परियोजना लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है।

### जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी

इस संबंध में पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर ने बताया कि उनके संज्ञान में मुआवजा संबंधी कोई लंबित मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि फाइलों की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। निर्माण कार्य में देरी के संबंध में अधिक जानकारी निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग ही दे सकते हैं। ऐसे में अब लोगों की नजर शासन-प्रशासन पर टिकी है कि लंबित बाधाओं को दूर कर इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना को कब तक पूरा कराया जाता है।

**पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर**

# सेमरकोना में सरपंच लीग क्रिकेट स्पर्धा का भव्य एवं सफल आयोजन



■ खेलों से अनुशासन, टीम भावना नेतृत्व क्षमता व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना होती है विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

जिले के ग्राम पंचायत सेमरकोना में सरपंच लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष पाण्डेय, कार्यक्रम की अध्यक्षता महेन्द्र घृतलहरे ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में नरेश साहू, विकास पाण्डेय, शेखर सिंगरौल, परमेश्वर साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थें। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेलों से अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। उन्होंने युवाओं को खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

आयोजक सरपंच उतरा ध्रुव ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं ग्रामवासियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि सरपंच लीग केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं की प्रतिभा को निखारने तथा आपसी भाईचारे को मजबूत करने का सशक्त मंच है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, खेल प्रेमी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

आयोजन के सफल संचालन के लिए ग्राम पंचायत सेमरकोना एवं आयोजन समिति की सराहना की गई। आयोजन पूरे उत्साह, खेल भावना और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन खिलाड़ी गण सहित क्षेत्रवासी गण उपस्थित थे।

### साध्वी रामाशा म.सा. की दीक्षा पर्याय के दो वर्ष पूर्ण, सामूहिक नवकार जाप आज



**कवर्धा।** कवर्धा की गौरव साध्वी रामाशा महाराज साहब की दीक्षा पर्याय के दो वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार 9 जून को विशेष धार्मिक आयोजन किया जाएगा। साध्वी ने दो वर्ष पूर्व राजस्थान के बेगू में पूज्य आचार्य प्रवर 1008 रामलाल महाराज साहब के मुखारविंद से भागवती दीक्षा अंगीकार की थी। साध्वी विनय, सेवा, तपश्चर्या एवं संयम के आदर्शों को आत्मसात कर जैन धर्म एवं रामेश-राजेश शासन की प्रभावना में सतत योगदान दे रही हैं। उनकी दीक्षा पर्याय के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सकल जैन श्री संघ कवर्धा द्वारा अनुमोदना कार्यक्रम आयोजित किया गया है। संघ अध्यक्ष नेमीचंद श्रीमाल के नेतृत्व में मंगलवार सुबह 8 बजे जैन स्थानक भवन, कवर्धा में सामूहिक नवकार जाप का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई।

**खबर संक्षेप**

### विश्व पर्यावरण दिवस में चंदन का पौधरोपण किया



**कुण्डा।** विश्व पर्यावरण दिवस और अपने जन्म दिवस के अवसर पर व्याख्याता तुलस राम चंद्राकार महली निवासी के द्वारा एक शानदार पहल करते हुए पंडरिया नगर के पाढ़ी रोड पर सह परिवार और मित्र के साथ मिलकर के एक चंदन का पौधा लगाए तथा अपने गृह ग्राम महली में भी अपने परिवार के साथ मिलकर एक टिकोमा और आम का पौधा लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस और अपने जन्म दिवस को यादगार बनाया इनके द्वारा आम जनों से विनम्र प्रार्थना किया गया कि आप लोग भी विशेष अवसर पर तथा वाले वर्षा ऋतु पर पर्यावरण अवश्य करें। जिससे पर्यावरण का संरक्षण होगा साथ ही साथ पानी का भी संरक्षण होगा आज देखने को मिल रहा है पानी के लिए सभी जगह हाहाकार मचा जा रहा है, तो आप सबसे पुनः निवेदन है कि पर्यावरण के प्रति विशेष ध्यान देते हुए पौधारोपण अवश्य करिए, अपने भविष्य को और आने वाले पीढ़ी को सुसज्जित बनाए रखने के लिए यह कदम जरूरी है।

# सांसद ने लालपुर खुर्द में विकास कार्यों का किया विधिवत भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम लालपुर खुर्द में 16 लाख रुपए के विकास निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इसमें 11 लाख रुपए का पुलिया निर्माण व 5 लाख रुपए का सीसी सड़क निर्माण कार्य शामिल है।

सांसद संतोष पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिया व सीसी सड़क के निर्माण होने से ग्रामीणों को आवश्यक मूलभूत सुविधा उपलब्ध होगी। आवागमन सुगम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार सभी वर्गों की चिंता कर उल्लेखनीय कार्य कर रही है। सभी क्षेत्रों का विकास हो रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में विकास की गाथा लिखी जा रही है। भाजपा सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को फ़ोन कर निर्देशित भी किया।

इस दौरान भाजपा के मंडल प्रभारी कल्याण सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष फलित साहू, पंडरिया मंडल अध्यक्ष रवीश ठाकुर, महामंत्री महेश यादव, नवलकिशोर पांडेय, तिवारी साहू, रोहित भास्कर, विशाल शर्मा, रमेश साहू, राजकुमार यादव, सरपंच अमृता रामकुमार यादव, पूरन राजपूत, अमन पाठक, स्वारथ साहू, रूपेश तिवारी, अन्य पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण सहित ग्रामीणजन उपस्थित थें।

साथ ही सांसद संतोष पांडेय ने पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम दुल्लापुर बाजार के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में एक पेंड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया। उन्होंने पर्यावरण के संरक्षण को बढ़ावा देने की बात कही। सभी कार्यकर्ताओं व आम जनता से अधिक संख्या में पौधरोपण करने की अपील की।

### भाजपा जिला अध्यक्ष से सूरज ने की सौजन्य भेंट



**कुण्डा।** भाजपा मंडल कुण्डा के सक्रिय कार्यकर्ता सूरज यादव ने जिला भाजपा कार्यालय कवर्धा में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, मंडल स्तर के विभिन्न विषयों तथा केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 5 से 21 जून तक चलाए जा रहे जनसंपर्क एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान प्रदेश विस्तारक हुकुम सिंह राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री मुकेश सिंह ठाकुर व कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# गगनदीप का छग पुलिस में चयन



**कवर्धा।** नगर के प्रतिष्ठित संस्थान प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा के बेसबॉल राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी गगनदीप साहू का चयन छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग मानपुर मोहला जिले हुआ है, जो बहुत ही गौरव की विषय है। अकेदमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि गगन ने बेसबॉल खेलना-2015 में शुरू किया था, जिसमें अभी तक उसने राष्ट्रीय स्तर 2 स्वर्ण पदक, 1 रजत व 1 कांस्य पदक लगाकर प्रदेश और कबीरधाम जिले का नाम रौशन किया। गगन खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी मेधावी छात्र था, गगन ने बताया कि पुलिस भर्ती में चयन के लिए उसने जो बेसबॉल में नेशनल खेला था उसके लिए पांच अंक उसे बोनस मिला जिसका फायदा उसे कार्टोफ में मिला और पुलिस विभाग में चयन हो पाया उसने खेल से आज अपना जीवन बना लिया, जिसके लिए अकेदमी एवं कोच का आभार व्यक्त किया।

### सांसद संतोष विभिन्न कार्यक्रम में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

राजनांदगांव सासंद संतोष पाण्डेय कुण्डा मण्डल के एक दिवसीय दौरे पर जहां विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत किया। रविवार को सांसद संतोष पाण्डेय जिले के ग्राम चचेड़ी में विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं ग्राम सेमरकोना में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन एवं पुरुस्कार समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। ग्राम रूसे सरपंच एवं किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशी के निवास में आयोजित छट्ठी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए वहीं सांसद पाण्डेय ने भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री मोदी के 12 साल सरकार के बेमिसाल कार्यकाल में हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर और जन-जन तक पहुंचाने की। बालमुकुंद चंद्रवंशी, राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे, छत्रकिशोर सानू तिवारी, विकास पाण्डेय, गीताराम साहू, मनहरण साहू, नरेश साहू, सुधाराम साहू, बद्री साहू, नंदू यादव, तामेश्वर, श्रवण, परमेश्वर साहू, रामावतार व कार्यकर्ता उपस्थित थें।

प्रथम पुण्यस्मरण



सुकमा कोंटा में शहीद हुए एवं मातृभूमि के लिये
सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
अमर शहीद आकाश राव गिरेपूंजे जी
स्वर्गलोक गमनः 9.6.2025
को शत्-शत् नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि कार्यक्रम - दिनांक 9 जून 2026
सुबह 11:00 बजे से 4:00 तक लाखे नगर चौक, रायपुर

- श्रद्धानवत् -
श्रीमती गीता मंदा गोविंद राव गिरेपूंजे (माता-पिता), श्रीमती स्नेहा आकाश राव गिरेपूंजे (पत्नी), सिद्धांत, नव्या (पुत्र-पुत्री), आदर्श गिरेपूंजे (भाई), श्रीमती रश्मि कमलाकर राव गिरेपूंजे, श्रीमती प्रेमलता बसंत गिरेपूंजे, श्रीमती सुनीता नरेंद्र राव गिरेपुजे (चाची-चाचा), श्रीमती खेमलता मैहरकुरे, श्रीमती रेखा गणेश ठोंबरे, श्रीमती अनीता उमेश मलेवार, (बुवा) एवं समस्त गिरेपूंजे परिवार

- मित्र गण -
सुखनंदन राठौर सर, अविनाश सर, राहुल देव शर्मा सर, कीर्तन राठौर सर, तारकेश्वर पटेल सर, पोर्ते सर, प्रशांत शुक्ला सर, विवेक शुक्ला सर, अमर सिदार सर, अभिषेक अग्रवाल सर

MAHESHWARI

## महाराज ने सुनाया नारद मोह व भगवान विष्णु को श्राप का प्रसंग

# शिव महापुराण में उमड़ी भक्तों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर के वार्ड क्रमांक 14 स्थित परमेश्वरी मंदिर के पास आयोजित श्री सोमेश्वर शिव महापुराण कथा में इन दिनों भक्ति की अविरल गंगा बह रही है। 6 से 10 जून तक आयोजित इस भव्य पांच दिवसीय पावन आयोजन में भगवान शिव की महिमा सुनने के लिए प्रतिदिन शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। महापुराण के दूसरे दिन व्यासपीठ पर विराजमान प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य सुमित भारद्वाज (महाराज) ने विद्यवेश्वर संहिता और कुबेर चरित्र का संगीतमय वर्णन किया। इसके साथ ही उन्होंने देवर्षि नारद के अहंकार और भगवान विष्णु को उनके द्वारा दिए गए श्राप का अत्यंत रोचक एवं शिक्षाप्रद प्रसंग सुनाया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हुए।

कामदेव पर विजय और नारद का अहंकार श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सुमित महाराज ने बताया कि एक बार देवर्षि नारद हिमालय की एक पवित्र गुफा में घोर तपस्या कर रहे थे। उनकी तपस्या से घबराकर देवराज इंद्र ने कामदेव को भेजा, लेकिन नारद अडिग रहे। कामदेव पर विजय प्राप्त करने के बाद नारद के मन में यह अहंकार आ गया, कि उन्होंने वासना (काम) को जीत लिया है। उन्होंने अपनी इस विजय का बखान भगवान शिव और भगवान विष्णु के समक्ष किया। महाराज ने बताया कि नारद के इसी अहंकार को तोड़ने के लिए भगवान विष्णु ने अपनी माया रची। उन्होंने एक अत्यंत सुंदर नगर और विश्वमोहिनी नामक रूपवती राजकुमारी का निर्माण किया। नारद उस राजकुमारी को देखते ही अपनी सारी तपस्या भूल बैठे और विवाह की इच्छा से उन्होंने भगवान विष्णु से उनका हरि (सुंदर) रूप मांग लिया। भगवान ने उन्हें रूप तो दिया, लेकिन मुख एक वानर (बंदर) का लगा दिया। स्वयंवर में क्रोध और विष्णु जी को श्राप, स्वयंवर में राजकुमारी ने वानर मुख वाले नारद को अनदेखा कर दिया और वहां पहुंचे भगवान विष्णु के गले में वरमाला डाल दी। जब नारद जी को सच्चाई का पता चला, तो उन्होंने अत्यंत क्रोधित होकर भगवान विष्णु को श्राप दिया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पुरस्कार के लिए आवेदन किए गए आमंत्रित

**कवर्धा।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा देश के प्रतिभाशाली एवं प्रेरणादायक बच्चों को सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार -2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के अंतर्गत बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति तथा नवाचार जैसे विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र बच्चे अथवा उनके अभिभावक प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाईन आवेदन 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुरस्कार के लिए निर्धारित पात्रता के अनुसार आवेदक भारतीय नागरिक एवं भारत का निवासी होना अनिवार्य है।

### चयन परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई को

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए लिखित चयन परीक्षा का आयोजन 05 जुलाई 2026 रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने पात्र विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रस्तुत करने तथा इस अवसर का लाभ उठाने कहा है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामीण अंचलों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराना, उन्हें प्रतिस्पर्धी वातावरण प्रदान करना तथा उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास एवं बेहतर कैरियर निर्माण के अवसर उपलब्ध कराना है।

### गांवों को बनाया जाएगा शत-प्रतिशत कचरा मुक्त

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले के कवर्धा, पंडरिया, बोड़ला एवं लोहारा विकासखंड की चयनित 71 ग्राम पंचायतों को अक्टूबर 2026 तक शत-प्रतिशत कचरा मुक्त एवं स्वच्छ बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत मिशन मोड में संचालित किया जाएगा। सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने संबंधित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि चयनित ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण की जाएं तथा इन्हें मॉडल स्वच्छता ग्राम के रूप में विकसित किया जाए। अभियान के तहत घर-घर से गीला, सूखा, सेनेटरी एवं विशेष श्रेणी के कचरे का पृथक-पृथक संग्रहण, सुरक्षित परिवहन एवं वैज्ञानिक तरीके से निपटान सुनिश्चित किया जाएगा।

## दुर्घटना: राजस्व, बिजली और खाद संकट से जिले के किसान परेशान

# सुशासन तिहार पर सवाल, किसानों की समस्याएं अब भी जस के तस

### किसान बोले- आवेदन देने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, केवल औपचारिकता बनकर रह गया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इन दिनों मनाए जा रहे सुशासन तिहार को लेकर जिले के किसानों ने सवाल खड़े किए हैं। विकासखंड खपरी सहित कबीरधाम जिले के विभिन्न गांवों के किसानों ने इस अभियान की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए इसे औचित्यहीन बताया है।

किसानों का कहना है कि यदि शिकायतों का समयबद्ध निराकरण नहीं हो रहा है तो ऐसे आयोजनों का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। किसानों ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा पिछले वर्ष भी सुशासन तिहार का आयोजन किया गया था, जिसमें जिले के हजारों किसानों और ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन शिविरों में जमा किए थे।

इनमें राजस्व, बिजली, सिंचाई, खाद उपलब्धता और अन्य जनसुविधाओं से जुड़े मामलों की शिकायतें शामिल थीं। लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अधिकांश समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है।



#### खाद संकट से बढ़ी किसानों की चिंता

खेती-किसानी के मौसम के नजदीक आते ही किसानों की चिंता और बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि जिले की अधिकांश सहकारी समितियों में मांग के अनुरूप खाद उपलब्ध नहीं है। समय पर खाद नहीं मिलने से आगामी खरीफ सीजन की तैयारियां प्रभावित हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की जरूरतों को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके विपरीत दिखाई दे रही है।

#### जवाबदेही तय करने की मांग

किसानों का कहना है कि यदि सरकार वास्तव में जनसमस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर है तो केवल कुछ दिनों के लिए अभियान चलाने के बजाय पूरे वर्ष शासन-प्रशासन की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। शिकायतों के निराकरण के लिए स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित हो और अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए। किसानों ने मांग की है कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास मजबूत हो सके।

#### राजस्व मामलों को लेकर भटक रहे अंचल के किसान

यहां बताना लाजिमी होगा कि कबीरधाम जिले में किसानों का आरोप है कि खसरा-खतौनी की त्रुटियों, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और भूमि कब्जा दिलाने जैसे राजस्व मामलों को लेकर बड़ी संख्या में आवेदन दिए गए थे। इसके बावजूद आज भी किसान राजस्व विभाग के कार्यालयों और अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि कई मामलों में आवेदन लंबित पड़े हैं और शिकायतों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे किसानों को आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### ग्रामीण अंचलों की चरमराई बिजली व्यवस्था पर भी जताई नाराजगी

किसानों ने क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती पर भी नाराजगी व्यक्त की। उनका कहना है कि कई गांवों में खेतों के पास लगे विद्युत पोल क्षतिग्रस्त अवस्था में हैं और हाई वोल्टेज तार जमीन के बेहद करीब झूल रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। किसानों के अनुसार स्थायी विद्युत कनेक्शन और विद्युत ढांचे में सुधार के लिए कई बार आवेदन दिए गए, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग में संसाधनों और कर्मचारियों की भारी कमी है। एक लाइनमैन पर 45 से अधिक गांवों की जिम्मेदारी होने के कारण शिकायतों का समय पर निराकरण नहीं हो पा रहा है।

# हाईवा वाहन की ठोकर से ग्रामीण युवक की मौत




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में सड़क हादसे का कहर दूसरे दिन भी जारी रहा। बीते रविवार को जहां जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में दशरंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पनेका के पास यात्रियों से खचाखच भरी एक बस पलट गई थी वहीं सोमवार की सुबह जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बानो बैरियर के पास एक तेज रफ्तार हाईवा वाहन ने सामने से जा रहे मोटर सायकल चालक को अपनी चपेट में लेकर रौंद दिया।

इस सड़क हादसे में मोटर सायकल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक शव बरामद कर लिया है और अब आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जमुनिया निवासी अर्जुन बैगा सोमवार की सुबह करीब 11.00 बजे अपनी मोटर सायकल से कहीं जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान ग्राम बानो बैरियार के पास पीछे से हा रही एक तेज रफ्तार हाईवा के अज्ञात चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर सायकल सवार अर्जुन बैगा को अपनी चपेट में लेते हुए रौंद दिया। जिससे अर्जुन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

#### घटना के बाद आरोपी वाहन चालक फरार

घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। बाद में राहगीरों ने इसकी सूचना स. लोहारा पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शब बरामद कर मर्ग कायम किया तथा अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर अब उसकी तलाश की जा रही है।

# डीईओ के खिलाफ कांग्रेस छात्र संगठन ने किया प्रदर्शन

## आरएसएस के कार्यक्रम को संरक्षण देने का आरोप




- शिक्षा विभाग की निष्पक्षता पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के जिला शिक्षा अधिकारी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यक्रमों को बढ़ावा देने तथा अपने प्रशासनिक पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगाते हुए सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने शिक्षा विभाग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एनएसयुआई नेताओं का आरोप है कि शासकीय आत्मानंद स्वामी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय परिसर के समीप आयोजित आरएसएस के अभ्यास वर्ग को प्रशासनिक स्तर पर संरक्षण प्रदान किया गया। उनका कहना है कि किसी भी शासकीय अधिकारी द्वारा किसी विशेष वैचारिक संगठन के कार्यक्रमों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सहयोग देना प्रशासनिक मर्यादाओं और निष्पक्षता के सिद्धांतों के विपरीत है।

प्रदर्शन के दौरान एनएसयुआई के प्रदेश महासचिव आकाश केशरवानी ने कहा कि शिक्षा विभाग का मूल दायित्व विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना और शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला शिक्षा अधिकारी अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियों के निर्वहन के बजाय एक विशेष वैचारिक संगठन के हित में कार्य करते दिखाई दे रहे हैं, जिससे शिक्षा व्यवस्था की निष्पक्षता और विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है।

उन्होंने कहा कि सरकारी पद पर बैठे अधिकारियों को राजनीतिक अथवा वैचारिक रूप से तटस्थ रहना चाहिए। यदि किसी अधिकारी द्वारा अपने पद का उपयोग किसी संगठन विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए किया जाता है तो यह प्रशासनिक आचरण के नियमों के विरुद्ध माना जाएगा।

#### निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग

एनएसयुआई ने इस पूरे मामले की जांच कर दोषी पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिक्षा विभाग में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने की मांग उठाई। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा तथा जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। एनएसयुआई नेताओं का कहना है कि शिक्षा संस्थानों और विभागीय व्यवस्थाओं को किसी भी प्रकार के राजनीतिक या वैचारिक प्रभाव से मुक्त रखा जाना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों और अभिभावकों का विश्वास शिक्षा व्यवस्था पर बना रहे। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्होंने प्रशासन से मामले में निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

# जिपं क्षेत्र क्रमांक 11 में लगभग 50 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में सोमवार को लगभग 50 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत विकास कार्यों का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघेल, मंडल अध्यक्ष वीरसिंह पटेल, अमर कुर्रे, मंडल महामंत्री दिलीप साहू, जनपद प्रतिनिधि भरत साहू, सरपंच विजय साहू, तिलक कौशिक, श्रीमती सुनीति कौशिक, बूथ अध्यक्ष बालकदास सहित ग्रामों के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। भूमिपूजन के दौरान ग्राम मगरदा में बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 10 लाख रुपए एवं रंगमंच निर्माण के लिए 3.50 लाख रुपए, ग्राम दुल्लापुर में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए 11.80 लाख रुपए, ग्राम भेदली में अटल डिजिटल केंद्र निर्माण के लिए 5 लाख रुपए, रंगमंच निर्माण के लिए 3.50 लाख रूपए, मूरमीकरण सड़क निर्माण के लिए 6.70 लाख रुपए और ग्राम कूटकीपारा में अटल डिजिटल केंद्र निर्माण के लिए 5 लाख रुपए एवं नाली निर्माण के लिए 4.83 लाख रुपए की स्वीकृत राशि से होने वाले कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके विशेष प्रयासों से क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों को स्वीकृति मिल रही है। उन्होंने कहा कि विजय शर्मा क्षेत्र के विकास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं तथा आमजन के जीवन को सरल, सुगम और सुविधायुक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

डॉ. साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है।

# ग्रामीणों ने लोगों को किया जागरूक

- विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम कोशली गोडान में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन कबीरधाम के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोशलीगोडान अंतर्गत ग्राम कोशलीगोडान में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को जल संरक्षण, स्वच्छता, वृक्षारोपण तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के महत्व की जानकारी दी गई। बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत घर-घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के साथ-साथ जल स्रोतों के संरक्षण एवं सतत जल प्रबंधन पर भी विशेष बल दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने जल की प्रत्येक बूंद को बचाने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया।

उपस्थित ग्रामीणों को जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने एवं पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छ पर्यावरण और सुरक्षित पेयजल ग्रामीण विकास के महत्वपूर्ण आधार हैं। जल जीवन मिशन के माध्यम से जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ जल संरक्षण के प्रति जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए जल एवं पर्यावरण दोनों सुरक्षित रह सकें।

कार्यक्रम में ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने तथा अपने गांव को स्वच्छ, हरित एवं जल सुरक्षित बनाने में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों से प्रकृति संरक्षण, जल संवर्धन एवं स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की गई।

### सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत नगर पंचायत पाण्डातराई के बासिंदों को भीषण गर्मी के इस दौर में सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय उपभोक्ताओं ने बताया की नगर में लगातार अघोषित विद्युत कटौती हो रही है। उन्होने बताया कि ऐसा एक दिन नहीं गुजर रहा जिस दिन कई-कई बार पॉवर कट न हो रहा हो। जिससे लोगों की दिनचर्या बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। लोगों ने विभाग से सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति कराए जाने की मांग की है।

## जिले में एक साथ 82402 ग्रामीणों ने जाना जल संरक्षण का महत्व

# मजदूरों को काम देने में कबीरधाम जिला अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के सभी 471 ग्राम पंचायतो में रोजगार सह आवास दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से रोजगार प्राप्त कर रहे 82402 ग्रामीणों तक सीधे जानकारी पहुंचाई गई। 1 जुलाई 2026 से प्रारंभ होने वाले विकसित भारत जी राम जी योजना में 125 दिनों का रोजगार, गांव के विकास में भागीदारी, समय पर मजदूरी भुगतान एवं आजीविका के नए साधन सहित आवास निर्माण की जानकारी दी गई।

जल संरक्षण के लिए सामूहिक योगदान पर व्यापक चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि पूरे प्रदेश में सर्वाधिक मजदूरों को रोजगार कबीरधाम जिले में लगातार प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में 82402 ग्रामीणो को 2463 निर्माण कार्यों में रोजगार मिल रहा हैं।

जिसमे 248 प्रधानमंत्री आवास निर्माण में 4670 हितग्राहियों को भी रोजगार प्राप्त है। ज्ञात हो की मनरेगा कार्य स्थल में रोजगार सह आवास दिवस में एक साथ एक ही दिन इतनी बड़ी संख्या में ग्रामीणों को उनके अधिकार से जुड़े विभिन्न विषयों पर जागरूक किया जाता है।



#### जिला पंचायत सीईओ ने मजदूरों से किया संवाद

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि नवा तरिया, अमृत सरोवर, आजीविका डबरी, सामुदायिक डबरी, तालाबों का गहरीकरण, नए तालाबों का निर्माण, सोख्ता गड्ढा, रिचार्ज पिट, ग्रे वॉटर मैनेजमेंट जैसे कार्य चल रहे हैं। इन कार्यों से ग्रामीणों को बड़ी संख्या में रोजगार मिल रहा है। महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास के लिए ग्राम पंचायतो में लगाए गए क्यूआर कोड को मोबाइल फोन से स्कैन करने की जानकारी दी गई। बताया गया की क्यूआर कोड स्कैन करते ही विगत 3 वर्षों में ग्राम पंचायत में हुए पूरे निर्माण कार्यों की जानकारी ग्रामीणों अपने मोबाइल फोन में प्राप्त होगा। सभी ग्राम पंचायत में कार्य स्वीकृत है मांग के आधार पर कार्य प्रारंभ किया जा रहे हैं जिससे कि ग्रामीणों को रोजगार के लिए भटकने की जरूरत ना पड़े। प्रतिदिन औसत 82000 से अधिक ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है जिसमें महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय है।

#### जिले में चल रहे 2463 कार्य : कलेक्टर वर्मा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों की मांग पर 2463 कार्य चल रहे हैं। कबीरधाम जिला सर्वाधिक मानव दिवस एवं सर्वाधिक ग्रामीणों को रोजगार देने के मामले में लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को बताया गया कि इस वर्षा ऋतु किस प्रकार वे अपने घरों में सोख्ता गड्ढा बनाकर जल संरक्षण कर सकते हैं। भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए सभी संभावित प्रयासों पर जानकारी देखकर जल संरक्षण करने के महा अभियान से जुड़ेने आह्वान किया गया। प्रधानमंत्री आवास में चल रहे कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने के लिए ग्रामीणों को कहा गया है। प्रत्येक माह की 7 तारीख को आयोजित होने वाला रोजगार दिवस अवसर होता है कि जब एक साथ सभी ग्रामीणों के बीच विभिन्न विषयों को लेकर पहुंचते हैं और उन्हें जानकारी देते हैं।

# ग्राम खपरी में आयोजित सुपोषण चौपाल में कुपोषण मुक्त गांव बनाने पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार ग्राम खपरी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-3 में गुरुवार को सुपोषण चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाएं, गर्भवती एवं धात्री माताएं तथा किशोरियां बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम को कुपोषण मुक्त बनाने तथा पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता चंद्रवंशी ने सुपोषण चौपाल के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के वजन एवं ऊंचाई का मापन कर उनकी वृद्धि की निगरानी की जाती है।

साथ ही कुपोषण की पहचान, एनीमिया से बचाव तथा संतुलित आहार के महत्व पर चर्चा की जाती है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मोटे अनाज, हरी सब्जियों तथा आंगनबाड़ी केंद्र में मिलने वाली दलिया एवं रेडी-टू-ईट सामग्री से तैयार किए जाने वाले पौष्टिक व्यंजनों की जानकारी दी गई।

वहीं 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन लेकर उनकी पोषण स्थिति का आकलन किया गया। किशोरियों एवं गर्भवती महिलाओं को आयरन-फोलिक एसिड (आईएफए) की गोलियों का नियमित सेवन करने की सलाह दी गई। साथ ही हाथ धोने के छह चरणों का प्रदर्शन कर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। अंत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता चंद्रवंशी ने सभी ग्रामीणों से प्रत्येक माह आयोजित होने वाले सुपोषण चौपाल में अनिवार्य रूप से भाग लेने तथा गांव को कुपोषण मुक्त बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सहायिका सुरेखा साहू, सुशीला चंद्रवंशी, सरोज चंद्रवंशी, अनुष्का, प्राची सहित अन्य ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।